RNI : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 125 ● भिलाई, बुधवार 19 नवम्बर 2025 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

**पहला कॉलम**

### मुख्यमंत्री 27 नवम्बर को पर्यटन विभाग की प्री-समिट में करेंगे शिरकत

**जयपुर।** आगामी 10 दिसम्बर को प्रस्तावित प्रवासी राजस्थानी दिवस के क्रम में पयर्टन विभाग द्वारा प्री-समिट का आयोजन किया जा रहा है। जयपुर के निजी होटल में 27 नवम्बर को प्रस्तावित इस प्री-समिट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। पर्यटन विभाग की प्री-समिट में दो सत्र आयोजित किए जाएंगे। पहले सत्र में 'राजस्थान ए ईयर-राउण्ड टूरिस्ट डेस्टिनेशन' और दूसरे सत्र में 'राजस्थान राइजिंग- बिल्डिंग इंडियाज प्रीमियर एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन' विषय पर विशेषज्ञो द्वारा पयर्टन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जावेगी। इसमें टूरिज्म, होटल तथा ट्रैवल सेक्टर्स के हितधारक और प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा जयपुर के जेईसीसी में प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन किया जाएगा।

### सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब सरकार पर लगाया कानून के दुरुपयोग का आरोप

**चंडीगढ़ ।** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब सरकार पर कानून का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। सुखबीर सिंह बादल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पुलिस का जबरदस्त दमन जारी। अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान के आदेश पर पंजाब पुलिस ने पहले तो तरनतारन उपचुनाव में जीत छीनने के लिए हर कानून तोड़ा और अब भी अकाली दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री और पंजाब डीजीपी से पूछता हूं कि क्या पंजाब को पुलिस राज्य घोषित कर दिया गया है, जहां सभी कानून और नागरिकों के अधिकार निलंबित हैं? हम अपने कार्यकर्ताओं के खिलाफ इस सरकारी दमन का पूरी ताकत से मुकाबला करेंगे और उन सभी से जो इन गैरकानूनी आदेशों का पालन कर रहे हैं। कानून आप सभी को सजा देगा। 14 नवंबर को तरनतारन विधानसभा के उपचुनाव के नतीजे आए।

### पंजाब की कानून-व्यवस्था पूरी तरह खत्म हो चुकी है-तरुण चुग

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कहा कि फिरोजपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता नवीन अरोड़ा की अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई नृशंस हत्या ने यह साफ कर दिया है कि पंजाब में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज़ नहीं बची। चुग ने कहा कि नवीन अरोड़ा जैसे समर्पित राष्ट्रवादी कार्यकर्ता की हत्या कोई सामान्य अपराध नहीं है, बल्कि पंजाब की शांति, सामाजिक ताने-बाने और नागरिकों की सुरक्षा पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे बिना किसी भय के खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। और सरकार कहीं दिखाई नहीं देती। चुग ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान पंजाब की जनता को भगवान भरोसे छोड़कर दिल्ली से आए अपने तिहाड़ रिटर्न आकाओं की सेवा में लगे हुए हैं।

**सीतारामराजू जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़**

# नक्सलियों का मास्टरमाइंड माडवी हिडमा आंध्रप्रदेश में मुठभेड़ में ढेर

मरेदुमिल्ली/ एजेंसी



आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू जिले में मंगलवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष नक्सली कमांडर माडवी हिडमा और उसकी पत्नी समेत छह माओवादी मारे गए. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. कई हमलों के कथित सूत्रधार हिडमा की मौत को छत्तीसगढ़ पुलिस ने उग्रवाद के 'ताबूत में आखिरी कील' करार दिया. अल्लूरी सीतारामराजू जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित बरदार ने बताया कि मुठभेड़ सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच मरेदुमिल्ली मंडल के जंगली इलाके में हुई. एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, आज सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच मरेदुमिल्ली मंडल इलाके में माओवादियों और पुलिस दल के बीच गोलीबारी हुई. मुठभेड़ के दौरान छह माओवादी मारे गए. इस गोलीबारी में दो महिलाएं और चार पुरुष मारे गए. विश्वसनीय सूत्रों और जांच के आधार पर पुलिस ने पुष्टि की कि हिडमा, उसकी पत्नी मदकम राजे, देवे, लकमल (चैतू), मल्ला (मल्लालु) और कमलू (कमलेश) मारे गए. पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ हफ्तों में मिली ख़ुफ़िया सूचनाओं से आंध्र प्रदेश-छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर माओवादी गतिविधियों में वृद्धि के संकेत मिले थे, जिसके कारण तलाशी अभियान तेज कर दिया गया था. मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो एके-47 राइफल, एक पिस्तौल, एक रिवॉल्वर और एक सिंगल बोर हथियार, कई इलेंट्रिकल और नॉन-इलेंट्रिकल डेटोनेटर, फ्यूज वायर, सात किट बैग और अन्य सामान जब्त किया. विज्ञप्ति में कहा गया, आसपास के इलाकों में पूरी तरह से सफाए के लिए तलाशी अभियान जारी है ताकि आगे माओवादी गतिविधियों को रोका जा सके. एसपी के अनुसार, यह पुलिस विभाग की विभिन्न शाखाओं द्वारा चलाया गया एक संयुक्त अभियान था. एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आंध्र प्रदेश खुफिया विभाग के एडीजीपी महेश चंद्र लड्डा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगातार दबाव के कारण कुछ बटालियनों के माओवादी आंध्र प्रदेश में जाने की योजना बना रहे थे. इसके मद्देनजर पुलिस उनकी गतिविधियों पर कड़ी और निरंतर नज.र रख रही थी.लड्डा ने कहा, पिछले दो दिनों से हमें बहुत ही विशिष्ट खुफिया जानकारी मिल रही थी।

### शाह की निर्धारित समयसीमा से 12 दिन पहले ही मारा गया खूंखार नक्सली हिडमा



नयी दिल्ली: खूंखार माओवादी कमांडर माडवी हिडमा को सुरक्षा बलों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इस वांछित नक्सली को खत्म करने के लिए तय की गई 30 नवंबर की समय सीमा से 12 दिन पहले ही मार गिराया। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित घने पुल्लागंडी के जंगलों में 44 वर्षीय नक्सली नेता को मार गिराया। गृह मंत्री के आदेश से अवगत एक सूत्र ने बताया, ''केंद्रीय गृह मंत्री ने देश से माओवाद की समस्या के उन्मूलन के लिए 31 मार्च 2026 की समयसीमा तय की है। एक सुरक्षा समीक्षा बैठक में शाह ने नक्सल विरोधी अभियानों में लगे शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों को 30 नवंबर से पहले हिडमा को खत्म करने को कहा था और इस समयसीमा से 12 दिन पहले ही उसे मार गिराया गया। सूत्रों ने यह भी कहा कि जिस तरह से नक्सलियों के खिलाफअभियान चलाया जा रहा है, उससे गृह मंत्री द्वारा निर्धारित अगले साल मार्च की समयसीमा से पहले ही वामपंथी उग्रवाद खत्म हो जाने की संभावना है।

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड**

## लॉरेंस के भाई अनमोल को यूएस से लाया जा रहा भारत......

मुंबई/ एजेंसी



बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता माने जा रहे गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से डिपोर्ट किए जाने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। वह बुधवार सुबह करीब 10 बजे दिल्ली पहुंच जाएगा। सुरक्षा एजेंसियां उसकी प्रत्यर्पण यात्रा पर नजर बनाए हुए हैं और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कई विशेष टीमों की तैनाती कर दी गई है। अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से औपचारिक रूप से डिपोर्ट किया जा चुका है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि उसकी रवानगी और दिल्ली पहुंचने की प्रक्रिया तय हो चुकी है। अनमोल, कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है और कई राज्यों में उसके खिलाफगंभीर अपराध दर्ज हैं। फिलहाल चर्चा इस बात पर चल रही है कि कोर्ट में पेशी के बाद उसे किस एजेंसी की हिरासत में दिया जाएगा मृतक नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी को भी अमेरिकी अधिकारियों की ओर से ईमेल मिला है। ईमेल में उन्हें बताया गया कि अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से डिपोर्ट कर दिया गया है। जीशान ने कहा कि वह यह नहीं जानते कि इसे किस अर्थ में लिया जाए। लेकिन यह स्पष्ट है कि अनमोल को अब भारत भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनका ईमेल पीड़ित परिवार होने के नाते अमेरिकी अधिकारियों के पास पंजीकृत है, ताकि उन्हें हर अपडेट दिया जा सके। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्तूबर 2024 को मुंबई के बांद्रा स्थित कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुंबई पुलिस इस मामले में अब तक 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

**बिहार चुनाव रिजल्ट**

## सामने आए प्रशांत,अब राजनीति छोड़ने की नई मियाद और शर्त बताई

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में शून्य पर सिमटने वाली जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने आखिरकार सामने आ ही गए। पटना में उन्होंने प्रेस वार्ता की। उन्होंने पार्टी की हार की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि हमलोगों से जरूर कुछ गलती हुई है। इसलिए ऐसा परिणाम दिया। जनता ने हमलोगों को नहीं चुना। जनता ने हमलोगों पर विश्वास नहीं दिखाया। इस हार की जिम्मेदारी पूरी तरह से मेरी है। जिस प्रयास से हमलोग जुड़े थे, उनका विश्वास नहीं जीत पाया। हमलोग सामूहिक तौर पर हारे हैं। जो लोग जीतकर आए, उन्हें मैं बधाई देता हूं। सीएम नीतीश कुमार और भाजपा को बधाई। हमलोग बिहार से गरीबी दूर करने और पलायन कम होने की कामना करते हैं। मैं बिहार की जनता की अपेक्षाओं पर खड़ा नहीं उतर सका, इसके लिए मैं माफी चाहता हूं। प्रायश्चित के तौर पर मैं भितिहरवा गांधी आश्रम में एक दिन का मौन उपवास रखूंगा। जो भी जनसुराज के साथी हैं, सभी लोग भितिहरवा गांधी आश्रम में 24 घंटे का उपवास रखूंगा। प्रशांत किशोर ने कहा कि गलती हो सकती है। लेकिन, हमने गुनाह नहीं किया है। मैं सिर उठाकर कह सकता हूं कि मैंने कोई गुनाह नहीं किया है।



### 'मैं जनसुराज में किसी पद पर नहीं हूं, इसलिए संन्यास नहीं ले सकता'

वहीं जदयू को 25 सीटों से अधिक आने पर सन्यास लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं जनसुराज में किसी पद पर नहीं हूं। इसलिए मैं किस हक से संन्यास लूं। मैंने राजनीति छोड़ने की बात कही थी। मैं इस बात पर अडिग हूं। मैंने राजनीति नहीं कर रहा हूं। नीतीश सरकार ने डेढ़ करोड़ लोगों को 10-10 हजार रुपये दिए हैं। पूरे देश में बहस छिड़ी हुई है। चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान पैसे बांटने दिए, यह उनकी गलती है? इस पर मैंने टिप्पणी नहीं करूंगा। प्रशांत किशोर ने दावा किया कि हमलोग हारे नहीं हैं। हमलोग तो रेस में ही नहीं हैं।

मैंने जातियों का जहर फैलाने का गुनाह नहीं किया। मैंने जनता का मत खरीदने की कोशिश नहीं की। जिस तरह महाभारत में अभिमन्यु को घेरकर छल से मार दिया गया। लेकिन, महाभारत नहीं जीता नहीं गया।


### पिता को मानसिक पीड़ा दे रहे तेजस्वी यादव

**पटना।** राजद प्रमुख लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य के अपने परिवार पर गंभीर आरोपों के बाद बिहार की राजनीति गरमाई हुई है। सोमवार को जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बीमारी की अवस्था में तेजस्वी यादव अपने पिता को मानसिक पीड़ा दे रहे हैं। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने रोहिणी आचार्य के विषय पर कहा, यह राष्ट्रीय जनता दल परिवार का अंदरूनी मामला है। लेकिन, महत्वपूर्ण बात यह है कि रोहिणी आचार्य सिर्फ राजद परिवार की बेटी नहीं हैं, बल्कि बिहार की बेटी हैं। परिवार का अंदरूनी कलह अब सार्वजनिक हो गया है।

**व्यापक बैंकिंग और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी मामले में**

## धोखाधड़ी के आरोप वाली जनहित याचिका पर केंद्र सीबीआई,ईडी व अनिल अंबानी को नोटिस जारी.....

**नयी दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, उच्चतम न्यायालय ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और इसके समूह की कंपनियों की संलिप्तता वाली कथित व्यापक बैंकिंग और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर मंगलवार को केंद्र, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), अनिल अंबानी और अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) से जवाब मांगा. प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले और पूर्व केंद्रीय सचिव ई ए एस शर्मा की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा. पीठ ने अब जनहित याचिका पर आगे की सुनवाई तीन सप्ताह बाद करना निर्धारित किया है. भूषण ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियां इस बड़े बैंकिंग घोटाले में बैंकों और उनके अधिकारियों की कथित मिलीभगत की जांच नहीं कर रही हैं. उन्होंने सीबीआई और ईडी



को इस मामले में बैंकों और उनके अधिकारियों के खिलाफ जांच की स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देने का अनुरोध किया. भूषण ने कहा कि यह मामला संभवत? भारत के इतिहास में सबसे बड़ा कॉर्पोरेट धोखाधड़ी का है. वकील ने आरोप लगाया कि प्राथमिकी 2025 में दर्ज की गई, जबकि धोखाधड़ी 2007-08 से चल रही थी. उन्होंने कहा, हम ईडी और सीबीआई से स्थिति रिपोर्ट चाहते हैं कि वे क्या जांच कर रहे हैं. स्पष्ट रूप से, वे बैंकों की मिलीभगत की जांच नहीं कर रहे हैं. प्रधान न्यायाधीश ने कहा, नोटिस जारी करेंज तीन हफ्तों में जवाब दें. उन्हें अपना जवाब दाखिल करने दें.



उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में एक पत्थर खदान का एक हिस्सा ढहने के बाद बचाव अभियान चलाते एनडीआरएफ के जवान। इस हादसे में कम से कम छह मजदूरों की मौत हो गई।

**कांग्रेस का एलान**

## एसआईआर पर रामलीला मैदान में करेंगे विशाल रैली

नयी दिल्ली/ एजेंसी



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद को लेकर मंगलवार को सवाल खड़े किए और कहा कि इसका राजनीतिक, संगठनात्मक एवं कानूनी रूप से मुकाबला किया जाना चाहिए. सूत्रों के अनुसार, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान यह टिप्पणी की.पार्टी मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में उन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रभारियों, राज्य इकाई प्रमुखों, कांग्रेस विधायक दल के नेताओं और सचिवों के साथ समीक्षा बैठक हुई, जहां मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की कवायद जारी है.

**वह दो आधार जिनके कारण नहीं हो सकता प्रत्यर्पण**

# प्रत्यर्पण-पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को नहीं सौंपेगा भारत....

नई दिल्ली/ एजेंसी

बांग्लादेशी न्यायाधिकरण के फैसले और अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के शेख हसीना को प्रत्यर्पित किए जाने की मांग के बावजूद यह बात तो साफ़है कि भारत सरकार ऐसा नहीं करेगी। भारत हमेशा से अपने मित्रों के लिए जोखिम उठाता रहा है। बांग्लादेश सरकार के दिसंबर, 2024 में हसीना को सौंपे जाने की मांग के बावजूद भारत ने उन्हें सुरक्षित रखा हुआ है। फैसले के बाद सोमवार को सरकार ने जो बयान जारी किया, उसमें भी इस मसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। खास बात यह है कि न्यायाधिकरण का फैसला एकतरफा है, इसमें हसीना को अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया है। यह मामला आपराधिक से ज्यादा राजनीतिक है, यही आधार है जो प्रत्यर्पण न करने के भारत के पक्ष को मजबूत बनाता है। भारत-बांग्लादेश ने 2013 में प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर किए थे, इसके आधार पर ही बांग्लादेश हसीना को सौंपने की मांग कर रहा है। इसमें 2016 में संशोधन हुआ था। इसी संधि के तहत भारत ने 2020 में शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के दो दोषियों को बांग्लादेश भेजा था। संधि में दोनों देशों के बीच अपराधियों के आदान-प्रदान की शर्तें शामिल हैं। पर किसी अपराधी का प्रत्यर्पण तभी किया जाएगा, जब अपराध दोनों देशों में



अपराध माना जाए। न्यूनतम एक वर्ष की सजा दी गई हो और आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट हो।राजनीतिक अपराध का प्रावधान: संधि के अनुच्छेद 6 के अनुसार, यदि अपराध राजनीतिक माना जाता है, तो भारत प्रत्यर्पण से इन्कार कर सकता है। हालांकि, हत्या, नरसंहार, मानवता के विरुद्ध अपराध इस धारा से बाहर हैं। आईसीटी ने शेख हसीना को इन गंभीर आरोपों में दोषी पाया है। इसलिए, भारत यह नहीं कह सकता कि पूरा मामला राजनीतिक है। निष्पक्ष सुनवाई का अभाव: संधि के अनुच्छेद-8 के तहत यदि अभियुक्त की जान को खतरा है। निष्पक्ष सुनवाई नहीं होती, या न्यायाधिकरण का उद्देश्य न्याय नहीं बल्कि राजनीतिक है, तो भारत प्रत्यर्पण से इन्कार कर सकता है। भारत यह सब आसानी से साबित कर सकता है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र पहले ही न्यायाधिकरण के गठन, न्यायाधीशों की नियुक्ति और प्रक्रियाओं पर सवाल उठा चुका है।

# अनियमितता बरतने पर 5 उचित मूल्य दुकान संचालक को नोटिस जारी


।। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) बेमेतरा, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) ।।
आदेश

**बेमेतरा।** अनियमितता बरतने पर 5 उचित मूल्य दुकान संचालक को एसडीएम द्वारा नोटिस जारी किया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया में संचालित मऊ की उचित मूल्य दुकान (आई.डी. 432009060), इसी प्रकार ग्राम पंचायत मोहरेंगा में संचालित सेवा सहकारी समिति मोहरेंगा की उचित मूल्य दुकान (आई.डी. 432009006), ग्राम पंचायत कुरदा में संचालित सेवा सहकारी समिति कुरदा की उचित मूल्य दुकान (आई.डी. 432009009) एवं ग्राम पंचायत बटार में संचालित सेवा सहकारी समिति कुरदा की उचित मूल्य दुकान (आई.डी. 432009055) में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर विभाग द्वारा संचालक को कारण-बताओ नोटिस जारी किया गया है। नवंबर 2025 के राशन वितरण कार्य हेतु निर्धारित तिथि तक दुकान नहीं खोले जाने के कारण ग्रामीणों और राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में भारी असुविधा हुई, जिसे शासन ने अनिवार्य सेवा में बाधा तथा स्पष्ट लापरवाही माना है। नोटिस में उल्लेख है कि संचालक द्वारा न तो दुकान संचालन नियमों का पालन किया गया और न ही संबंधित थाना क्षेत्र में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि नोटिस प्राप्त होने के दो दिनों के भीतर संचालक स्वयं उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा उचित मूल्य दुकान को निलंबित/निरस्त किए जाने सहित एकतरफा कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संचालक की होगी।

# नुक्कड़ नाटक व प्रहसनों से ग्रामीण हुए जागरूक, आतरगांव में 7 दिवसीय रासेयो शिविर का समापन

## विद्यार्थियों सहित ग्रामीणों को नशामुक्ति का संदेश

**डोंगरगांव नगर।** नगर के एकमात्र शासकीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के प्राचार्य डॉ एके धमगाये के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियंकी गजभिये प्रभारी (बालिका इकाई) डॉ.आशाराम साहू प्रभारी (बालक) के संयोजन में 7 दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। 7 से 13 नवंबर तक आयोजित शिविर में रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा हिस्सा लेकर ग्राम पंचायत आतरगांव के ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिविर के उदघाटन सत्र में पूर्व प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम, महाविद्यालय के सहा. प्राध्यापक डॉ. चेतन साहू तथा ग्राम पंचायत सरपंच खुशबू डामन साहू, ग्राम पटेल व ग्राम अध्यक्ष शामिल हुए। पूर्व प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम ने रासेयो शिविर के महत्व को रेखांकित किया। शिविर संचालन हेतु शिविर नायक देवनारायण माली (बालक इकाई) डोमेश्वरी साहू शिविर नायिका (बालिका इकाई) चयनित कर दल गठन कर विभिन्न समितियों का दायित्व स्वयंसेवकों को सौंपा गया था। परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवकों द्वारा दीवार पर नारा लेखन किया गया साथ ही रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता, नशामुक्ति, नारी प्रताड़ना, मतदाता जागरूकता, साइबर क्राइम पर जागरुक करने का प्रयास किया गया। लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। गांव में जल निकासी हेतु नाली का निर्माण भी किया गया। प्रतिदिन रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वयंसेवकों एवं स्थानीय बच्चों द्वारा जीवंत प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को मनोरंजन के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया गया। शिविर में 08 नवंबर को बौद्धिक परिचर्चा में सुशील गजभिए, वित्त अधिकारी कामधेनु विश्व विद्यालय अंजोरा दुर्ग, महाविद्यालय डोंगरगांव से सहायक प्राध्यापक बी महोबिया, शिवनाथ देवांगन भी शामिल हुए। अपनी देशभक्ति और छत्तीसगढ़ी कविताओं के माध्यम से स्वयंसेवकों में ऊर्जा का संचार किया। 09 नवंबर को बौद्धिक परिचर्चा में होरीलाल साहू सीईओ जपं छुरिया, गौतम कुमार नेताम ग्रंथपाल डोंगरगांव महाविद्यालय शामिल हुए। 10 नवंबर को डोंगरगांव कालेज से चंचल स्टेला कुजुर व मन्नूलाल नायक ने भी विभिन्न विषयों पर विचार रखे। 11 नवंबर को प्रातः समस्त स्वयंसेवकों को स्थानीय आस्था के केंद्र पहाड़ी गढ़माता मंदिर के दर्शन पश्चात प्राकृतिक मनोरम दृश्य के बीच योग एवं प्राणायाम कराया गया। 12 नवंबर को बौद्धिक परिचर्चा सत्र में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी डॉ वीरेंद्र साहू ने विभिन्न विषयों पर स्वयंसेवकों के जिज्ञासा का समाधान किया। सहायक प्राध्यापक डॉ सीके साहू द्वारा नशा मुक्ति पर अपने विचार रखते हुए नशा उन्मूलन से संबंधित पॉकेट बुक्स का वितरण किया। सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन योगेश पटेल जनभागीदारी अध्यक्ष महाविद्यालय डोंगरगांव, ग्राम सरपंच खुशबू डामन साहू के आतिथ्य में तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके धमगाये की अध्यक्षता में हुआ। महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्यों में गोविंदा राजपूत, नवनीत अहीर, आशीष कामदे, गौरव यदु भी शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी (छात्रा इकाई) प्रो.प्रियांकी गजभिए ने शिविर की गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की। शिविर में विशेष सहयोग के लिए महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक संध्या मेश्राम, सारिका टंडन, काजल राजपूत, कमलेश साहू, जितेंद्र साहू, नारायण साहू का भी आभार व्यक्त किया गया। स्वयंसेवकों प्रशांत कुमार व हसीना साहू को डायरी एवं पेन से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में स्वयं सेवक यशवंत कुमार नायक, दानेश्वर साहू, सत्यम वैष्णव को भी सम्मानित किया गया।



# उपमुख्यमंत्री साव ने मंडल अध्यक्ष के निवास में संगठन की टीम के साथ बिताए डेढ़ घंटे, दी करोड़ों की सौगात

**बालोद।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव बालोद जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत डौंडीलोहारा में अमृत मिशन 2.0 का भूमिपूजन और अटल चौक का लोकार्पण करते हुए करोड़ों की सौगात दी, तो वही कार्यक्रम के बाद वे स्थानीय भाजपा मंडल के अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास में पूरी टीम के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने करीब डेढ़ घंटे समय बिताया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन सहित अन्य दिग्गज नेता मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्र से आए हुए भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और पंचायत के लोगों से मुलाकात की और उनकी मांगों से संबंधित आवेदन भी लिया। गांव की छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान को लेकर उन्होंने आश्वासन भी दिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के कार्यों और नेतृत्व की सराहना की। डौंडीलोहारा में उनका आगमन सौगातो भरा रहा। उन्होंने 3 करोड़ 30 लाख रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति नगर पंचायत को दी है। जिसमें से 30 लाख रुपए का श्मशान घाट का काम होना है। 3 करोड़ अन्य विकास कार्यों में खर्च होने हैं। तो वही उपमुख्यमंत्री ने सभी के समक्ष कहा कि मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम अगर बोलेंगे तो उनकी अनुशंसा पर अन्य कार्यों की भी जल्द स्वीकृति दे देंगे। जिस पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने उप मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता और आभार व्यक्त किया।





## महामंत्री जैन ने रखी मंत्री के सामने बात, मिलती गई तत्काल दुगुनी स्वीकृति

इस आगमन और मुलाकात के दौरान प्रदेश भाजपा के महामंत्री यशवंत जैन की विशेष भूमिका रही। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के समक्ष डौंडीलोहारा क्षेत्र की समस्याओं और विभिन्न जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आए हुए मांगों को मंत्री के समक्ष एक एक कर रखा। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने तत्काल मांगों पर दुगनी स्वीकृति देती दे दी और कहा कि आगे जो भी विकास कार्य करने हो उनसे भी हमें अवगत कराए। इस स्वीकृति पर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से प्रदेश भाजपा महामंत्री और बालोद के दिग्गज नेता यशवंत जैन का आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके प्रयास से उपमुख्यमंत्री ने हमारी लंबित समस्याओं का चुटकी में समाधान कर दिया और विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। सहजता के साथ कार्यकर्ताओं और नेताओं ने प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री से मुलाकात भी किया।

## क्षेत्र की सड़कों की मांगों को लेकर दिया आवेदन

उप मुख्यमंत्री के भाजपा मंडल अध्यक्ष के निवास आगमन के दौरान महिलाओं की अधिकतम भीड़ देखने को मिली। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने सराहना करते हुए कहा कि यहां मंडल अध्यक्ष की सक्रियता इस कारण महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। मुलाकात के दौरान विभिन्न गांव से आए हुए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने क्षेत्र की सड़कों की मांगों को लेकर आवेदन दिया गया। जिस पर भी उपमुख्यमंत्री ने तत्काल स्वीकृति दी। उप मुख्यमंत्री के आगमन पर जिला आयुक्त स्काउट गाइड राकेश यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा दीवान, जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, होरी लाल रावटे, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेद सिंह टेकाम मंडल, अध्यक्ष कुसुम शर्मा, कांति सोनबरसा, विवेक वैष्णव, मंडल उपाध्यक्ष लता गुप्ता,मंडल महामंत्री सोमेन्द्र देशमुख, दुष्यंत गिरी, गैंद मल भंसाली, जसराज शर्मा, जयलाल मालेकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, पार्षद ममता यादव, ममता शर्मा, मनीष झा, दिलीप बाफना, संदीप भंसाली, सुभद्रा ताडेकर, रेवती कोलहारी, सूर्यकला ठाकूर, उतरा धरेन्द, शिव कुमार धरमगुडे, महेन्द्र जायसवाल, मंडल कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, डोमेन्द झानू राजपूत, धर्मेन्द्र निषाद, महावीर तातेड़,, लीलेन्द सिन्हा, जीवराखन कौमार्य, प्रभा नायक, पूनम जैन,, प्यारे लाल निषाद, धिरेन्द्र टांक, हिरेन्द्र गायकवाड, उत्तम मालेकर, तुकाराम साहू, निरंजन पटौदी, पन्नो साहू प्रीतम साहू, बलदाऊ से, मनोज भंडारी, जयेश जैन, डोमेन्द देशमुख, दीपक थानवी, रंजत भंसाली, आरती सचेती, भगवात साहू, सुरेश साहू, हिम्मत देशमुख, भूषण साहू, अनिल पटेल, रतन भुषाले, भुवन यादव, सुरेश देशमुख, सुरेश केशरवानी, हेमलाल देशलहारा, टुमन साहू, अजय बाफना, राहुल साखला, तीरथ यादव, थानेश्वर यादव, राजू सिन्हा, नारायण सिन्हा, मनीष राजपूत, मुकेश राजपूत, शिवनारायण सिन्हा, गौकरण सिन्हा, मदन ठाकुर, निखिल, लोकेश दुबे, रेमन, अटल, दानी राम साहू आदि मौजूद रहे।

# धान खरीदी में बाधा उत्पन्न करने एवं हड़ताल पर जाने के लिए कारण 23 कर्मचारियों को हटाया गया


शाखा–बालसमुंद, वि.ख. बेमेतरा, जिला–बेमेतरा (छ.ग.)
क्रमांक/2025/Q-2 कुसमी, दिनांक 15/11/2025
-: आदेश :-
श्री सत्यनारायण साहू, पदनाम सहायक समिति प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसमी, पंजीयन क्रमांक 570, वि.ख. बेमेतरा, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) अपने कार्य स्थल पर दिनांक 03/11/2025 से लगातार अनुपस्थित रहकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए संस्था द्वारा सौंपे गये दायित्व का निर्वहन नहीं किया जा रहा है। धान खरीदी अवधि दिनांक 15 नवंबर, 2025 से 31 जनवरी, 2025 तक धान खरीदी कार्य में संलग्न समस्त कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ आवश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम, 1979 (ESMA Act 1979) लागू कर दिया गया है।
अतः तत्काल प्रभाव से श्री सत्यनारायण साहू, पदनाम सहायक समिति प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसमी, पंजीयन क्रमांक 570, वि.ख. बेमेतरा, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) की सेवा से पदच्युत किया जाता है।
प्राधिकृत अधिकारी,
सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसमी,
पंजीयन क्रमांक 570, वि.ख.बेमेतरा, जिला बेमेतरा(छ.ग.)
पृ.क्रमांक/2025/Q-2 कुसमी, दिनांक 15/11/2025
प्रतिलिपि :-
1. कलेक्टर, जिला बेमेतरा की ओर सादर सूचनार्थ।
2. उप आयुक्त, सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं बेमेतरा की ओर सूचनार्थ।
3. नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग प्रक्षेत्र जिला बेमेतरा की ओर सूचनार्थ।
4. शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, शाखा बालसमुंद की ओर सूचनार्थ।
5. श्री सत्यनारायण साहू, पदनाम सहायक समिति प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुसमी, पंजीयन क्रमांक 570, वि.ख. बेमेतरा, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।

**बेमेतरा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए चल रही धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, धान खरीदी जैसे अत्यावश्यक कार्य में बाधा उत्पन्न करने और हड़ताल पर जाने के बाद भी कार्यस्थल पर वापस नहीं लौटने वाले सेवा सहकारी समिति कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। जिले की सेवा सहकारी समिति कंतेली, बीजाभाट, जिया, कुसमी, मोहतरा और लोलेसरा के प्राधिकृत (अध्यक्ष) द्वारा कुल 23 कर्मचारियों को उनकी सेवाओं से पृथक करने के आदेश जारी किए गए हैं। समितियों द्वारा भेजी गई सूचनाओं के अनुसार, जिन कर्मचारियों को सेवा से हटाया गया है, उनमें जैसे कतेली समिति लल्लूराम वर्मा सहायक प्रबंधक, लोलेसरा समिति सहायक प्रबंधक संतोष कुमार चौहान, मोहतरा समिति के सहायक प्रबंधक कोमल पांडे, कुसमी समिति के सहायक प्रबंधक सत्यनारायण साहू, बीजाभाट समिति के सहायक प्रबंधक उमाकांत मिश्रा, जिया समिति के सहायक लिपिक अश्वनी मरकंडे एवं डाटाएंन्टी संदीप चतुर्वेदी के अलावा शिव मिर्झा कंप्यूटर आपरेटर बीजाभाठ सोसायटी, गोपाल मिर्झा कंप्यूटर आपरेटर बीजाभाठ, जितेन्द्र साहु दैनिक कर्मचारी बीजाभाठ,आकाश साहु दैनिक कर्मचारी बीजाभाठ, खेमराज साहु दैनिक कर्मचारी बीजाभाठ, संजू सिन्हा चौकीदार बीजाभाठ, गितेश साहु दैनिक कर्मचारी बीजाभाठ, खेम चंद बांधे सहायक लिपिक/ कंप्यूटर आपरेटर जिया, राहुल कांठले दैनिक कर्मचारी जिया, देवेंद्र सोन केवरे दैनिक कर्मचारी जिया, इतवारी वर्मा चौकीदार जिया, नरेश साहु डाटा एंट्री कुसमी सोसायटी, दीनू साहु डाटा एंट्री ऑपरेटर कुसमी, रामेश्वर चौहान लिपिक कुसमी सोसायटी, रविशंकर टंडन भृत्य कुसमी सोसायटी, दूज राम साहू भृत्य कुसमी सोसायटी, संदीप चतुर्वेदी डाटा एंट्री ऑपरेटर जिया सोसायटी का नाम शामिल हैं। इन सभी कर्मचारियों द्वारा शासन की चेतावनी तथा एस्मा लागू किए जाने के बावजूद ड्यूटी पर उपस्थित न होने और धान खरीदी कार्य में बाधा उत्पन्न करने को गंभीर लापरवाही माना गया। समितियों के प्राधिकृत अध्यक्षों ने नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर इन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया है। संबंधित आदेशों की प्रतियां कार्यालय को प्राप्त हो चुकी हैं।

वहीं दूसरी ओर, जो कर्मचारी हड़ताल छोड़कर पुनः कार्य पर लौट रहे हैं, उनकी जानकारी भी समितियों द्वारा सहकारिता विभाग को भेजी जा रही है, ताकि धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह सुचारू और निर्विघ्न बनी रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुपस्थिति या बाधा पर आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# नवीन केंद्र में धान खरीदी शुरू नही, अड़जाल और खलारी के किसान परेशान, केंद्र शुरू नही होने पर धान नही बेचने और हड़ताल की दी चेतावनी



**बालोद।** जिले में धान खरीदी की शुरुआत तो हो गई है, लेकिन नवीन समितियों में खरीदी अब तक शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। डौंडी ब्लॉक के खलारी और अड़जाल के किसान धान बेचने में हो रही समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पहुचे, जहां उन्होंने कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और मांगें पूरी नहीं होने पर धान नही बेचने तथा हड़ताल की चेतावनी दी।

डौंडी ब्लॉक के खलारी और अड़जाल गांवों में वर्ष 2025-26 के लिए नया धान खरीदी केंद्र विधिवत रूप से चयनित किया गया हैं। लेकिन ग्रामीणों के अनुसार आज तक खलारी में धान खरीदी शुरू नहीं की गई है। ग्रामवासियों का कहना है कि धान उत्पादन ही उनकी मुख्य आजीविका है, और खरीदी में देरी से किसानों पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जिससे गांव के कृषकों में अत्यंत असंतोष एवं चिंता की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

## चंदा इकट्ठा कर खोला गया आफिस: किसान

खलारी के किसान मोती राम ने बताया कि धान खरीदी केंद्र के लिए जमीन को समतल कर मैदान बनाए है, बांस-बल्ली लगाए हैं। पूरे मैदान को साफ किये, जनभागीदारी से एक एक पैसा एकत्रित कर चंदा इकट्ठा कर केंद्र के लिए आफिस बनाये है। और नए केंद्र में कोई अधिकारी नही पहुचा हैं। अड़जाल के किसान तोमेश्वर प्रसाद लाटिया ने बताया कि कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौखिक व लिखित रूप से निवेदन किया गया हैं। लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद ग्राम पंचायत खलारी ने निर्णय लिया है कि यदि 24 नवंबर तक धान खरीदी शुरू नहीं होती, तो पूरे ग्रामवासी सामूहिक रूप से शांतिपूर्ण हड़ताल करेंगे।

## सामूहिक हड़ताल के लिए होंगे मज़बूर

पूर्व मंत्री एवं डौंडीलोहारा विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने कहा कि सरकार किसानों ने विषय मे शुरू से ही असंवेदनशील रही है, पहले किसानों को खाद के लिए तरसाया। अब जब किसान धान मेहनत कर के तैयार किये है, पिछले बार इनके ही शासन प्रशासन के नुमाइंदे जाकर खलारी के ग्रामीणों को बोले थे कि यहां नवीन खरीदी केंद्र खोलने स्वीकृत हो गया है, पूरे गांव के लोग मिलकर अपना अंशदान लगाकर वहां खरीदी केंद्र के लिए खर्च भी कर चुके है। जबकि आज ग्रामीणों को पता चल रहा है कि यहां धान खरीदी शुरू नही होगा। बड़ा दुखद विषय है किसानों के लिए। अगर खलारी में धान खरीदी खेंद्र चालू नही होगा तो यहां के किसान सरकार को धान नही बेचेंगे, और शासन के सभी योजनाओं का बहिष्कार करेंगे। बता दे की खलारी और अड़जाल के किसान अब प्रशासन से त्वरित कार्यवाही की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ग्रामीणों का कहना है कि यदि तय समय सीमा तक व्यवस्था नहीं बनी, तो वे सामूहिक हड़ताल के लिए मजबूर होंगे।

ग्रामीणों के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है, इस सम्बंध में शासन को भी प्रस्ताव भेजा गया था, किसी कारणवश स्वीकृति नही मिल पाई है, इस सम्बंध में चर्चा की जाएगी, जैसे ही स्वीकृति प्राप्त होती है, हम वहां केंद्र खोलने की व्यवस्था करेंगे।

**अजय किशोर लकड़ा, अपर कलेक्टर, बालोद**

# सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्ष को बिना कोई कारण से पद से हटाया

**बेमेतरा।।** सहकारिता विभाग, बेमेतरा के अधीन सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सरदा के प्राधिकृत अध्यक्ष लखन लाल साहू को बिना किसी पूर्व सूचना या जांच के अचानक पद से हटाए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उप पंजीयक सहकारिता कार्यालय में पहुंचकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। बताया गया कि विभाग द्वारा आदेश में अध्यक्ष को हटाने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया, जिसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ता तथा कई समितियों के अध्यक्ष कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से जानकारी मांगनी चाही, किंतु उपस्थित किसी भी अधिकारी ने बातचीत के लिए सामने आने या स्पष्टीकरण देने से इनकार कर दिया। इस व्यवहार से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।



## निर्दोष पर कार्रवाई का आरोप, भाजपा कार्यकर्ताओं ने उठाए सवाल

भाजपा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लखन लाल साहू के विरुद्ध बिना किसी स्पष्ट जांच और बिना नोटिस दिए कार्रवाई की गई है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और सहकारिता नियमों के विरुद्ध है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह कार्रवाई भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सम्मान पर सीधा आघात है। इस संबंध में भाजपा नेता योगेश वर्मा ने कहा कि लखन लाल साहू, जो सरदा समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष हैं, उन्हें सहकारिता विभाग द्वारा बिना कोई नोटिस जारी किए अचानक पद से हटाने की जानकारी दी गई। यह जानकारी उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दी गई, जो प्रक्रिया अनुसार बिल्कुल सही नहीं है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और कई समिति अध्यक्ष यह जानने उप पंजीयक सहकारिता कार्यालय पहुंचे थे कि आखिर किस आधार पर शासन द्वारा मनोनीत सदस्य को पद से हटाया गया है। लेकिन न तो अधिकारी कार्यालय में मिले, न ही फोन पर बात करने को तैयार हुए। यह रवैया न केवल अयोग्य है बल्कि मनोनीत सदस्य के सम्मान का अपमान भी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस मामले में तुरंत स्पष्टता दी जाए और बिना जांच की गई कार्रवाई को वापस लिया जाए। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि यदि विभाग इस अनुचित कार्रवाई को वापस नहीं लेता तथा स्पष्ट कारण नहीं बताता, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर 14416 पर कॉल कर ले नि:शुल्क सेवा

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने एवं ज़रूरतमंदों को सहज सहायता उपलब्ध कराने स्वास्थ्य विभाग द्वारा टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर 14416 का जारी किया गया है, जिनका वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे हितग्राहियों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। यह हेल्पलाइन नि:शुल्क, गोपनीय एवं 24×7 दिन उपलब्ध है। आज के समय में अनिद्रा, अकेलापन, चिंता, अवसाद, परीक्षा का तनाव, नशे की आदत जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन्हें नज़र अंदाज़ करना गंभीर परिणाम ला सकता है। ऐसे में टेलीमानस सेवा के माध्यम से व्यक्ति प्रशिक्षित काउंसलर, मनोचिकित्सक एवं मनोवैज्ञानिक से सीधे बात कर सकते हैं। टेलीमानस 14416 हेल्पलाइन पर कॉल कर आम नागरिक बिना किसी झिझक के विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं। यह सेवा विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं नशामुक्ति की चाह रखने वाले व्यक्तियों के लिए अत्यंत उपयोगी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ लोकेश साहू ने आमजन से अपील की है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संकोच न करें और किसी भी प्रकार की मानसिक परेशानी की स्थिति में टेलीमानस 14416 पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें। साथ ही इस जानकारी को अपने परिवार, मित्रों और समुदाय के लोगों तक पहुंचाएं। स्वस्थ मन, सुखी जीवन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।




# पंचकुंडीय महायज्ञ का दूसरे वर्ष का आयोजन 6 दिसंबर से, तैयारी को लेकर आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न

**बेमेतरा।** दिसंबर 7 से 15 की तैयारी के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई जिसमें संदेश स्वरूप स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा है कि यह आयोजन पूरे बेमेतरा की जनता की लोककल्याण सुख शांति समृद्धि के लिए पावन पंचकुंडीय महायज्ञ और श्री शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भक्तजन आयोजन में शामिल होकर तन मन धन से स्वैच्छिक सहयोग प्रदान करेंगे। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक घर से चाहे एक मुट्ठी चावल, घी, जौ, तिल या अन्य वस्तु जो भी हो प्रत्येक की आहुति यज्ञ में पहुंचे। रुद्र महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण का आयोजन स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती द्वारा किया जाना है। जिसके संबंध में कालेज कैंटीन कुणाल रेस्टोरेंट में बैठक बुलाई गई जिसमें आयोजन से संबंधित पुरुष और महिला सदस्य उपस्थित रहे। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि बैठक में टेंट लाइट यज्ञ स्थल निर्माण पर चर्चा की गई। साथ ही नगर में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा जिसके लिए प्रचार सामग्री तैयार करने पर निर्णय लिया गया। बैठक में 6 दिसंबर से 14 दिसंबर तक धार्मिक अनुष्ठान एवं शिव महापुराण की कथा का मंचीय आयोजन बेमेतरा हृदय स्थल मंडी प्रांगण में ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के द्वारा सुनाई जाएगी जिसके लिए सभी सदस्य अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। यज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण के लिए भूमि स्थान मंडी प्रांगण को तय किया गया है भूमि पूजन 20 नवंबर को 02बजे किया जाना है जिसके लिए नगर की जनता एवं आसपास परिक्षेत्र के श्रद्धालु भक्त जन उपस्थित होंगे। इस पर पूरे जोर शोर के साथ आयोजन समिति अपनी जिम्मेदारी पूर्ण सहभागिता के साथ निभाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से सुमित चौबे शत्रुहन साहू लेखमणि पाण्डेय जितेंद्र शुक्ला हीरालाल साहू महेंद्र गुप्ता रोशन दत्ता दीपक पांडे हितेंद्र साहू प्रह्लाद मिश्रा शरद तिवारी राजकुमार शर्मा जय पाण्डेय दुष्यंत तिवारी ममता साहू कमला साहू सीमा साहू मीनू पटेल उमेश्वरी साहू सहित भारी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### स्कील डेव्लपमेंट के नाम पर महिला से 5 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** सहारा जनसेवा कल्याण समिति ने स्कील डेव्लपमेंट के नाम पर महिला से 5 लाख 40 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पुष्पा नामदेव 38 वर्ष संतोषी नगर टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राजू बाघ ने सहारा जनसेवा कल्याण समिति में सदस्यों को जोड़कर स्कील डेव्लपमेंट के नाम पर 5 लाख 40 हजार रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में सांई नगर गंज निवासी मनीष श्रीवास 23 वर्ष ने गंज थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमसी 1840 को फाफाडीह स्थित होटल अजंता के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बेहरा कालोनी निवासी भगत दास बेहरा 46 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केआर 4455 को डीकेएस भवन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

### तालाब में नहाने पहुंचे 4 बच्चे गहरे पानी में डूबे: ग्रामीणों ने दो को बचाया

**रायपुर।** जिले के महमंद ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित बेलभाठा तालाब में रविवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। आज दोपहर चार छात्र नहाने के लिए तालाब पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। इस दौरान ग्रामीणों की तत्परता से दो बच्चों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। जबकि, दो लापता थे। कई घंटे की तलाश के बाद स्४क्र्र ने एक छात्र का शव बरामद किया। जबकि, चौथा छात्र अभी भी लापता है। बता दें कि चौथे छात्र की तलाश के लिए स्४क्र्र की टीम मौके पर कैंप कर रही है और तलाशी अभियान लगातार जारी है। टीम तालाब के गहरे हिस्सों में खोजबीन में जुटी है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव और शोक का माहौल है।

### धारदार चाकू के साथ 01 आरोपी तौसिफ मेमन गिरफ्तार

**रायपुर।** थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दर्री तालाब भनपुरी के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा दर्री तालाब भनपुरी पहुंचकर आरोपी तौसिफ मेमन पिता आरिफ मेमन उम्र-20 वर्ष निवासी रामेश्वर नगर शिव मंदिर के पास भनपुरी थाना खमतराई रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में अपराध क्रमांक 1185/25 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई।

---

शासकीय जगतु माहरा बस्तर हाईस्कूल के शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुए शामिल

# शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है,शिक्षा के बिना जीवन अधूरा-मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने जगतु माहरा बस्तर हाईस्कूल के जीर्णोद्धार हेतु डेढ़ करोड़ रुपए सहित पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास भवन निर्माण की घोषणा की

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जगदलपुर में शासकीय जगतु माहरा बस्तर हाईस्कूल के शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम में आज शामिल हुए। बस्तर हाईस्कूल के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यालय परिवार को शताब्दी वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है, शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। भारत में प्राचीन काल से ही शिक्षा का अत्यधिक महत्व रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में विदेशों से विद्वान ज्ञानार्जन के लिए आते थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में बस्तर हाईस्कूल तथा कांकेर के नरहरदेव विद्यालय जैसे संस्थान शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्र रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1926 में जब इस विद्यालय का निर्माण हुआ होगा, तब संसाधनों का अत्यधिक अभाव रहा होगा, लेकिन पिछले सौ वर्षों की विकास यात्रा में इस विद्यालय ने अनगिनत होनहार छात्र-छात्राओं को तैयार किया है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। आज उनमें से अनेक पूर्व छात्र इस समारोह में सम्मिलित हुए हैं। उन्होंने संस्था के निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य गठन के




पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने जगतु माहरा बस्तर हाईस्कूल के जीर्णोद्धार हेतु डेढ़ करोड़ रुपए तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही विद्यालय की अन्य सभी आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस कार्यक्रम में शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा विद्यालय को प्रदान किए गए दो ड्रोन टोकन स्वरूप प्रदान किए, साथ ही शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा विद्यालय को 50 ड्रोन उपलब्ध कराने की सहमति भी दी गई, जिससे तकनीकी शिक्षा को और प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने जगतु माहरा शासकीय बहुउद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जगदलपुर में शताब्दी समारोह पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने स्वर्गीय ठाकुर देवेन्द्र सिंह और स्वर्गीय श्रीमती शारदा ठाकुर की स्मृति में निर्मित दो स्मार्ट क्लासों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अंतर्गत परिजात प्रजाति के पौधे का रोपण किया। शताब्दी समारोह के ध्वजारोहण के साथ विद्या-दायिनी मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की स्मारिका का भी विमोचन किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव मद्दी के पिता की स्मृति में आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों को भोजन परोसा। इसके अलावा जगतु माहरा बस्तर हाईस्कूल के वे सात पूर्व छात्र, जो पुलिस और सुरक्षा बल में सेवा के दौरान शहीद हुए, उनके छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने विद्यालय के शताब्दी समारोह के लिए बधाई देते हुए कहा कि आजादी से पहले 1926 में आरंभ हुए इस ऐतिहासिक विद्यालय के लिए यह दिन अत्यंत गौरवशाली है। पूर्व शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा पूर्व छात्रों के लिए यह यादगार लम्हा है। उन्होंने कहा कि इस संस्था से शिक्षा पाकर अनेक छात्र-छात्राएँ विभिन्न सेवाओं के माध्यम से समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को वरिष्ठजनों से सीखने का आग्रह किया और विद्यालय की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने का भरोसा दिलाया। विद्यालय के पूर्व छात्र और विधायक जगदलपुर श्री किरण देव ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अविभाजित बस्तर जिले में बस्तर हाईस्कूल और कांकेर का नरहरदेव हाईस्कूल ही प्रमुख शिक्षा संस्थान थे, जहाँ समूचे अंचल के विद्यार्थी अध्ययन करते थे।

---

# विश्वसनीयता मीडिया की सबसे बड़ी ताकत

रायपुर/ संवाददाता

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर आज जनसंपर्क संचालनालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी में संपादकों, वरिष्ठ पत्रकारों और जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ संपादक जयप्रकाश मिश्रा ने कहा कि कुछ लोग अपने हितों को सुरक्षित रखने के लिए भ्रामक सूचनाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ एक ही तरह की भ्रामक सामग्री को भेजते हैं, जिससे उसका एल्गोरिदम बढ़ जाता है और पाठक भ्रमित होकर उसे सच मान बैठता है। उन्होंने दिल्ली मेट्रो का उदाहरण देते हुए कहा कि श्रीधरन जी जब भी मेट्रो में किसी तरह की रूकावट आती थी तब तुरंत ही सूचना प्रचार माध्यमों में समाचार जारी कर तकनीकी त्रुटि को ठीक करने में लगने वाला संभावित समय भी बता देते थे। जब सही और गुणवत्तापूर्ण सूचनाएं आगे बढ़ती हैं तो भ्रामक सूचनाएं ठहर नहीं पाती। वरिष्ठ संपादक रवि भोई ने कहा कि खबरों की सच्चाई अहम है इससे समझौता नहीं करना चाहिए। भले ही समय लगता हो लेकिन पुष्टि के पश्चात ही खबरे प्रसारित करना चाहिए। संपादक एएन द्विवेदी ने कहा कि सूचनाओं की गुणवत्ता और उनके प्रसारण से पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर बेहद गंभीरता बरतते हुए इन्हें जनसामान्य को प्रेषित किया जाना चाहिए। इसमें छोटी चूक भी बड़ी दुर्घटना का रूप ले लेती है। वरिष्ठ पत्रकार अशोक साहू ने कहा कि पत्रकारिता में विश्वसनीयता के मानदंडों पर यदि काम किया जाए।

---

# भूपेश ने युवाओं का भरोसा तोड़ा, साय सरकार ने वह भरोसा लौटाया : उज्ज्वल

रायपुर। संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के खोए विश्वास को लौटाकर उनके सपनों को साकार करने की दिशा में 22 माह के कार्यकाल में काफी काम किया है। कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में पीएससी में भर्ती घोटाला, पेपर लीक और अन्य गड़बड़ियों के चलते युवाओं का पीएससी और प्रतियोगी परीक्षाओं तक से भरोसा खत्म हो गया था। दीपक शनिवार को एकात्म परिसर में आहूत प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों से मुखातिब थे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा युवाओं के कल्याण, विकास और प्रतिभा



सम्मान के लिए किए जा रहे कार्यों का विवरण देते हुए कहा कि पीएससी और व्यापम की सभी परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए कई नवाचारों को लागू किया गया है। पेपर लीक पर जीरो टॉलरेंस नीति के चलते कई मामलों में कड़ी कार्रवाई की गई है। ऑनलाइन आवेदन, ओएमआर स्कैनिंग, रियल-टाइम अपडेट जैसे सुधारों से युवाओं का भरोसा वापस लौटा है । श्री दीपक ने कहा कि इसी तरह खेल जगत में भी प्रदेश की खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियाँ अर्जित कर पिछले दो वर्षों में कई राष्ट्रीय पदक व अंतरराष्ट्रीय पदक जीते। स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर में तेजी लाकर नये स्टेडियम, एथलेटिक ट्रैक, और जिला स्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित किए जा रहे हैं। एथलीटों के लिए विशेष हाई-परफॉर्मेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया गया है। खेलो इंडिया-खेलो छत्तीसगढ़ अभियान से लाखों युवाओं ने पंजीकरण किया। बस्तर ओलम्पिक से ग्रामीण खिलाड़ियों को मंच मिल रहा है। रायपुर में राष्ट्रीय सुपरक्रॉस चैंपियनशिप जैसे आयोजन किए, जिससे राज्य को वैश्विक पहचान मिली। जशपुर में एनटीपीसी आर्चरी एकेडमी बन रहा है जो पूर्वोत्तर भारत के बाद देश के श्रेष्ठ तीरंदाजी केंद्रों में शामिल होगा ।

---

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सूरजपुर में भव्य यूनिटी मार्च....



- मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के नेतृत्व में जनसैलाब उमड़ा, जनप्रतिनिधियों की
- गरिमामयी उपस्थिति ने बढ़ाया आयोजन का गौरव

रायपुर/ संवाददाता

अखंड भारत के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सूरजपुर में आज भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया।जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सम्मिलित होकर लोगों का उत्साह बढ़ाया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अपना रजत जयंती वर्ष मना रहा है और इसी दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाना राष्ट्र के प्रति गर्व और कृतज्ञता का अवसर है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने 565 रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव रखी।सरदार पटेल का जीवन राष्ट्रनिष्ठा का सर्वोत्तम उदाहरण है। त्याग, सेवा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की उनकी सोच सदैव प्रेरणा देती रहेगी। इस विशाल पदयात्रा में हजारों नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं, गणमान्यजन और अधिकारी शामिल हुए। भारत माता की जय, सरदार पटेल अमर रहें और वंदे मातरम् के उद्घोषों से पूरा मार्ग देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया।पदयात्रा का शुभारंभ प्रातः 9 बजे माँ समलेश्वरी महामाया मंदिर, केनापारा से हुआ। रैली तेलाईकछार, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, व्हीएम नर्सिंग कॉलेज, अम्बेडकर चौक, शिवानंदपुर वार्ड क्रमांक 12 होते हुए बस स्टैंड विश्रामपुर में सम्पन्न हुई। 8 से 10 किलोमीटर लंबी इस रैली में शहरवासियों का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणी महाराज, प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मरावी, तथा पूर्व गृहमंत्री एवं छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री रामसेवक पैकरा भी उपस्थित रहे।सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में सरदार पटेल की दूरदृष्टि, राष्ट्रनिर्माण में योगदान और राष्ट्रीय एकता के संदेश को रेखांकित किया। यूनिटी मार्च के दौरान जयनगर आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। रैली मार्ग में स्वच्छता जागरूकता के तहत श्रमदान किया गया।

---

# प्रभारी मंत्री सूरजपुर की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर/ संवाददाता

जिला योजना समिति की महत्वपूर्ण बैठक प्रभारी मंत्री सूरजपुर एवं जिला योजना समिति के अध्यक्ष दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सांसद चिंतामणी महाराज, विधायक प्रेमनगर भूलन सिंह मरावी, विधायक प्रतापपुर शकुंतला पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेखा राजलाल रजवाड़े सहित समिति के अन्य सदस्यों सहित ,जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के संचालन व प्रगति पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में मंत्री दयाल दास बघेल द्वारा सभी विभागों को



योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।उल्लेखनीय है कि इस जिला योजना समिति की बैठक के दौरान पिलखा क्षीर सिलफिली, गढ़कलेवा सूरजपुर, केनापारा ,सी-मार्ट सहित भिन्न योजनाओं के संचालन की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान केनापारा क्षेत्र के जीर्णोद्धार, पिलखा क्षीर के संचालन,जिला वार्षिक ेजना 025-26 के अनुमोदन पर भी विचार-विमर्श किया गया।इस दौरान आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के 284 ग्रामों में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। साथ ही इसके ंतर्गत जिला एक्शन प्लान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।प्रभारी मंत्री बघेल ने खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली तथा समितियों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कृषि, उद्यानिकी और मत्स्य विभाग की समीक्षा की।

---

# कलेक्टर ने ली धान खरीदी की समीक्षा बैठक संपन्न......

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में धान खरीदी की शुरूआत हो चुकी है। जिले के 139 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। किसानों को बैठने के लिए विश्राम गृह, पीने के पानी एवं शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई है। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज धान खरीदी केन्द्रों में लगाए गए नोडल अधिकारी एवं समिति प्रबंधकों, पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी और पंचायत सचिव इत्यादि की बैठक ली। डॉ गौरव सिंह ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि धान खरीदी वर्तमान शासन की सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। धान खरीदी को हम पर्व की तरह मनाएं, इस कार्य में योगदान देने वाले सारे अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से क्रियान्वित करें। हम सब एक परिवार की तरह हैं। पहले भी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, अभियान और कार्य को हमने सफलता पूर्वक क्रियान्वित पूरा किया है, इसे भी मिलकर अच्छे से करेंगे। धान खरीदी केन्द्रों में हर संभव व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मार्गदर्शन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि तकनीकी सहायता से लिए जिला प्रशासन द्वारा तकनीकी सहायता के लिए प्रशिक्षण वीडियो भी तैयार किया जा रहा है। डॉ सिंह ने कहा कि शासन द्वारा एस्मा लागू किया गया है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनुशासनहीनता किए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है ।

---

नालंदा परिसर में होंगे ऑडियो विसुअल कॉन्टेंट एवं एआई का विशेष कॉर्नर

# नौकरी पाने के लिए नहीं बल्कि जीवन बनाने के लिए प्राप्त करें ज्ञान

- उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने 4.41 करोड़ रूपये की लागत के 250 सीटर नालंदा लाइब्रेरी का किया भूमिपूजन

रायपुर/ संवाददाता

कवर्धा जिले में शिक्षा, अध्ययन संसाधनों और ज्ञान-संस्कृति के विस्तार को नई दिशा देने के नवीन पहल की जा रही है। जिसके तहत उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा के विधायक श्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा में 4.41 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले अत्याधुनिक एवं पूर्णतः डिजिटल सुविधाओं से युक्त 250 सीटर नालन्दा लाइब्रेरी का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष श्री पवन जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री अनिल ठाकुर, श्री विजय पटेल, श्री मनीराम साहू, श्रीमती सतविंदर पाहुजा सहित समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी से मुलाकात कर जिले के युवाओं, प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों, शोधार्थियों और पुस्तक प्रेमियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रायपुर की नालंदा परिसर की तर्ज पर बनाया जा रहा यह नालंदा परिसर जिले में बहुआयामी ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित होगा और कवर्धा में शिक्षा और ज्ञान-संस्कृति को नई ऊँचाइयों तक लेकर जाएगा और नए अवसरों के द्वार खोलेगा। भारत की शिक्षासंस्कृति का गौरव इतिहास काल से है। भारत में प्राचीन काल से नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालय रहे हैं। जब दुनिया पृथ्वी को चपटी मानती थी, तब भारत ज्ञान-विज्ञान में विश्व का मार्गदर्शक था। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय हमारी गौरवशाली धरोहर है। भारत की पुरातन ज्ञान परंपरा वेद, उपनिषद, भौतिक



विज्ञान, गणित और खगोल विज्ञान—दुनिया में अद्वितीय रही है। आर्यभट्ट द्वारा सूर्य और गणितीय खोजें इसका प्रमाण हैं। यदि हम अपने इतिहास को समझेंगे, तो महसूस होगा कि भारत जैसा कहीं और कुछ नहीं है। इस लाइब्रेरी से स्कूल और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को एक शांत एवं उचित वातावरण उपलब्ध होगा। रायपुर जैसे महानगरों में तो चौबीस घण्टे लाइब्रेरी में युवा पढ़ते हुए मिल जाएंगे, ऐसा ही पढ़ाई को लेकर वातावरण हमें कवर्धा में भी निर्माण करना है, जिससे कवर्धा में भी समाज के हर वर्ग के लिए अध्ययन, अनुसंधान और ज्ञान-विकास का माध्यम प्राप्त हो सके। हमें ज्ञान सिर्फ नौकरी पाने के लिए नहीं प्राप्त करना चाहिए बल्कि अपना जीवन बेहतर बनाने के लिए प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में डिजिटल लाइब्रेरी, सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की अच्छी किताबें, दैनिक अखबार, समसामयिक किताबें, विख्यात जर्नल्स, अच्छे लेखकों की पुस्तकें, प्रेरणादायी किताबों के साथ बच्चों के लिए विशेष ज्ञान-कोना भी उपलब्ध होगा, जिनके ज्ञान का युवा से लेकर हर वर्ग के लोग लाभ ले सकेंगे। इसकी खासियत यहां के ऑडियो विसुअल कॉन्टेंट होंगे। जहां विद्यार्थी अपनी पसंदीदा बुक या विषय पर ऑडियो विसुअल माध्यम से जानकारी ले सकेंगे। इसके अलावा विश्व में तेजी से बढ़ रही एआई तकनीकी में युवा पीछे ना रह जाएं इसके लिए परप्लेक्सिटी, ग्रोक, चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स का भी एक कॉर्नर बनाया जाएगा, जहां युवा एआई टूल्स का निःशुल्क प्रयोग कर सकेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि खेल एवं तैयारी हेतु नई सुविधा के तहत विद्यार्थियों के लिए मिनी स्टेडियम का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार पीएससी सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की कड़ी निगरानी की जा रही है। बच्चों का चयन उनकी मेहनत और योग्यता से ही होगा। उन्होंने भोरमदेव विद्यापीठ के चयनित छात्रों को शुभकामनाएँ दीं, जहां प्रतिवर्ष 200 विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में 6 हजार कांस्टेबल भर्ती के परिणाम जल्द जारी होंगे।

## संपादकीय

# जलवायु संकट की भयावह तस्वीर

एक तरफ जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट लगातार बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयासों की गति धीमी पड़ रही है। दुनिया भर में हो रहे नए-नए अध्ययन और वैज्ञानिक शोध चेतावनी देते रहे हैं कि अगर समय रहते इस दिशा में प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो निकट भविष्य में इसके परिणाम भयावह हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन का भारत समेत पूरी दुनिया में प्रभाव साफ दिखने लगा है।ब्राजील के बेलेम में आयोजित काप 30 सम्मेलन में बुधवार को जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' की रपट में कहा गया है कि जलवायु आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित देशों में भारत नौवें स्थान पर है। पिछले तीन दशकों में देश में जलवायु आपदाओं के कारण करीब अस्सी हजार लोगों की जान जा चुकी है। सरकार की ओर से इस संकट से निपटने को लेकर किए जा रहे दावों के बीच ये आंकड़े वास्तव में चिंताजनक है। इससे एक बात तो स्पष्ट है कि सरकारी प्रयासों को अभी और व्यापक करने तथा उन्हें गति देने की जरूरत है।रपट के मुताबिक, जलवायु आपदाओं से वर्ष 1995 से 2024 तक लगभग 170 अरब अमेरिकी डालर का आर्थिक नुकसान हुआ है। जान-माल का सबसे ज्यादा नुकसान बाढ़, चक्रवात, सूखा और तेज गर्मी के कारण हुआ है। इसके पीछे बढ़ता वैश्विक ताप भी एक बड़ा कारक है, जो जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है। भारत में यह स्थिति निरंतर खतरे का संकेत दे रही है, क्योंकि बार-बार होने वाली मौसमी आपदाओं से जहां विकास की गति कमजोर होती है, वहीं आम लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है।रपट में कहा गया है कि पिछले वर्ष भारत में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से अस्सी लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए। हालांकि, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने, कार्बन उत्सर्जन कम करने और वन आवरण बढ़ाने जैसे कई कदम उठाए हैं, लेकिन इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से अमल में लाने की जरूरत है।अगर वैश्विक स्तर पर बात करें, तो पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने आठ लाख से ज्यादा लोगों की जिंदगी लील ली है। यह बात छिपी नहीं है कि जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर उन्हीं विकासशील देशों को झेलना पड़ रहा है, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भागीदारी सबसे कम है।विकासशील देश कमजोर सहन क्षमता और अनुकूलन के सीमित संसाधनों के कारण ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। भारत सहित कई विकासशील देशों में जलवायु आपदाएं सामान्य स्थिति बनती जा रही हैं, जिसके लिए तत्काल और व्यापक वित्त पोषित अनुकूलन उपायों की जरूरत है।यह जगजाहिर है कि कार्बन उत्सर्जन के मामले में विकसित देशों का योगदान सबसे ज्यादा है, इसलिए अनुकूलन उपायों को लेकर उनकी जिम्मेदारी भी अधिक होनी चाहिए। उनकी भूमिका सिर्फ वित्तीय सहायता और तकनीकी सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कार्बन उत्सर्जन में कमी और कमजोर देशों के अनुकूलन प्रयासों का समर्थन करना भी शामिल है।

**बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों ने राज्य की राजनीति और सामाजिक समीकरणों पर बड़ा प्रभाव डाला है। इस बार बीजेपी नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन रिकॉर्ड सीटों के साथ भारी बहुमत से सत्ता में लौट रहा है, जबकि महागठबंधन (राजद-कांग्रेस गठबंधन) को गंभीर झटका लगा है। चुनाव परिणाम के निष्कर्ष से स्पष्ट है कि एनडीए ने 243 में से 200 से अधिक सीटों पर जीत सुनिश्चित की है, जिसमें बीजेपी को 91, जेडीयू को 81 एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 21 सीटें मिली हैं। वहीं, विपक्षी महागठबंधन महज 38 सीटों पर सिमट गया है, जिसमें राजद 26, कांग्रेस 4 और वामदल (सीपीआई, सीपीएम आदि) 6 सीटों पर आगे दिखे। ये आंकड़े अनंतिम हैं। इसमें मामूली बदलाव सम्भाव्य है। मतदाता प्रतिशत 66.91प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, महिलाएं 71.6 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ निर्णायक भूमिका में रहीं।**

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के जनादेश के मायने

(कमलेश पांडे )

वोटर टर्नआउट में नई ऊंचाई और महिला वोटर्स का रुझान, सामाजिक विकास, शिक्षा-स्वास्थ्य, सुरक्षा के मुद्दों को आगे लाता है; वहीं जाति-आधारित राजनीति कुछ हद तक कमजोर होती दिखी। वहीं, छोटे दलों की भूमिका बनी रही, जिससे स्थानीय मुद्दे और क्षेत्रों के लिए बैलेंसिंग एक्ट की आवश्यकता बढ़ गई है।


बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों ने राज्य की राजनीति और सामाजिक समीकरणों पर बड़ा प्रभाव डाला है। इस बार बीजेपी नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन रिकॉर्ड सीटों के साथ भारी बहुमत से सत्ता में लौट रहा है, जबकि महागठबंधन (राजद-कांग्रेस गठबंधन) को गंभीर झटका लगा है। चुनाव परिणाम के निष्कर्ष से स्पष्ट है कि एनडीए ने 243 में से 200 से अधिक सीटों पर जीत सुनिश्चित की है, जिसमें बीजेपी को 91, जेडीयू को 81 एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 21 सीटें मिली हैं।

वहीं, विपक्षी महागठबंधन महज 38 सीटों पर सिमट गया है, जिसमें राजद 26, कांग्रेस 4 और वामदल (सीपीआई, सीपीएम आदि) 6 सीटों पर आगे दिखे। ये आंकड़े अनंतिम हैं। इसमें मामूली बदलाव सम्भाव्य है। मतदाता प्रतिशत 66.91प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, महिलाएं 71.6 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ निर्णायक भूमिका में रहीं।

इन नतीजों के मायने दिलचस्प हैं- पहला, शासन और नेतृत्व पर असरः चुनाव परिणाम ने डबल इंजन की सरकार यानी केंद्र-राज्य एक ही साझा गठबंधन के फॉर्म्युले पर जनता की मुहर को मजबूती दी है। इससे राज्य में स्थिरता, नीति निरंतरता तथा केंद्र से सहयोग की उम्मीद है। एनडीए में बीजेपी की सीट्स जेडीयू से अधिक हैं, जिससे भाजपा का राज्य के सत्ता-समीकरण, मंत्रिमंडल गठन और नीतियों पर कड़ा प्रभाव होगा।

दूसरा, विपक्ष के लिए संदेशः राजद और महागठबंधन की हार, खासकर युवा व महिला वोटर्स के बड़ी संख्या में एनडीए की ओर जाने के कारण हुई है, जिससे विपक्षी वृत्तियों को खुद की रणनीति और नेतृत्व की समीक्षा करनी होगी।

तीसरा, सामाजिक-राजनीतिक पटल पर प्रभावः वोटर टर्नआउट में नई ऊंचाई और महिला वोटर्स का रुझान, सामाजिक विकास, शिक्षा-स्वास्थ्य, सुरक्षा के मुद्दों को आगे लाता है; वहीं जाति-आधारित राजनीति कुछ हद तक कमजोर होती दिखी। वहीं, छोटे दलों की भूमिका बनी रही, जिससे स्थानीय मुद्दे और क्षेत्रों के लिए



**इन नतीजों के मायने दिलचस्प हैं- पहला, शासन और नेतृत्व पर असरः चुनाव परिणाम ने डबल इंजन की सरकार यानी केंद्र-राज्य एक ही साझा गठबंधन के फॉर्म्युले पर जनता की मुहर को मजबूती दी है। इससे राज्य में स्थिरता, नीति निरंतरता तथा केंद्र से सहयोग की उम्मीद है। एनडीए में बीजेपी की सीट्स जेडीयू से अधिक हैं, जिससे भाजपा का राज्य के सत्ता-समीकरण, मंत्रिमंडल गठन और नीतियों पर कड़ा प्रभाव होगा।**

बैलेंसिंग एक्ट की आवश्यकता बढ़ गई है।

चतुर्थ, राष्ट्रीय राजनीति के लिए संकेत

बिहार का परिणाम 2029 के लोकसभा चुनाव के पहले एनडीए के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मनोबल और संदेश देता है कि क्षेत्रीय गठबंधन नीति और विकास एजेंडा कारगर है।वहीं, एक सवाल यह भी है कि बिहार परिणाम का राष्ट्रीय राजनीति पर असर क्या होगा? तो जवाब होगा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए की भारी जीत का राष्ट्रीय राजनीति पर कई स्तरों पर असर पड़ेगा। बिहार जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से अहम राज्य में बीजेपी-जेडीयू गठबंधन की सफलता विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को कमजोर करती है, जबकि एनडीए की नीतियों और नेतृत्व को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिलती है।

राष्ट्रीय राजनीति का नया समीकरण

एनडीए की जीत से प्रधानमंत्री, केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व की लोक-प्रियता को बड़ा सहारा मिला है। इससे भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव 2029 और अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में मजबूत स्थिति में रहेगी। बिहार के नतीजे पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में एनडीए के लिए गति और उदाहरण बनेंगे।

वहीं, विपक्षी इंडिया गठबंधन में अंदरूनी फूट, नेतृत्व संकट और जमीनी कमजोरियां उजागर हुई हैं। कमजोर प्रदर्शन से विपक्षी गठबंधन के भविष्य, नेतृत्व और संयुक्त रणनीति को लेकर गंभीर सवाल पैदा होंगे। साथ ही, ममता बनर्जी (प. बंगाल), अखिलेश यादव (यूपी) जैसे क्षेत्रीय नेताओं के लिए भी बिहार का परिणाम मार्गदर्शक होगा कि उन्हें अपनी गठबंधन संरचना पर पुनर्विचार करना पड़ेगा।

नीतिगत और समाजिक प्रभाव

बिहार में एनडीए की सरकार के विकास-कार्य, स्वास्थ्य-शिक्षा और महिला-सशक्तिकरण एजेंडा राष्ट्रीय स्तर पर भी प्राथमिकता पा सकता है। वहीं, महिलाओं और युवाओं के बड़े हिस्से का समर्थन एनडीए को मिला, इससे सामाजिक सुधार और चुनावी रणनीति में इन वर्गों का महत्व बढ़ेगा। वहीं, भाजपा और जेडीयू में सीटों के समीकरण से भी केंद्रीय सत्ता में गठबंधन के आंतरिक समीकरण बदल सकते हैं, खासकर मोदी सरकार 3.0 में सहयोगी दलों की भूमिका बढ़ सकती है।

आगामी लोकसभा चुनाव पर असर

बिहार परिणाम ने भाजपा को 2029 चुनाव के लिए मनोबल, रणनीति और समर्थन का ठोस आधार दिया है। विपक्षी गठबंधन को फिर से खुद को संगठित और प्रासंगिक साबित करने की चुनौतियां मिली हैं। बिहार जैसे राज्य का चुनाव परिणाम राष्ट्रीय राजनीति की दिशा, गठबंधन व्यवस्था और चुनावी मुद्दों को गहराई से प्रभावित करता है। 2025 के नतीजे एनडीए को केंद्र में मजबूती व विपक्ष को नए सिरे से आत्ममंथन का संकेत देते हैं।

कहा जा सकता है कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम न केवल प्रदेश की सत्ता राजनीति में बड़ा बदलाव लाते हैं, बल्कि विकास, नेतृत्व बदलाव और जातीय राजनीति जैसे अहम मुद्दों पर भी गहरा असर डालते हैं। यह परिणाम केंद्र-राज्य संबंध तथा विपक्ष की राजनीति पर भी दूरगामी असर करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# बीजेपी का अगला लक्ष्य अब बंगाल ..

**बीजेपी ने 2021 के चुनावों में कुल 77 सीटों पर जीत हासिल की थी। राज्य में बहुमत का आंकड़ा 148 सीटों का है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं बंगाल के भाइयों और बहनों को भी बधाई देता हूं।**

(अचलेंद्र कटियार)

बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की महाजीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिशन बंगाल का ऐलान कर दिया है। नई दिल्ली में चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अब अगला लक्ष्य बंगाल है। उन्होंने बिहार की ऐतिहासिक जीत को बंगाल में भाजपा की सफलता का मार्ग बताया। मोदी ने पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनाव में जंगलराज समाप्त करने का संकल्प व्यक्त किया है। गौरतलब हो कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव मार्च-अप्रैल में प्रस्तावित है। नए साल की शुरुआत से राज्य में चुनावी घमासान शुरू हो सकता है। राज्य में बीजेपी



मुख्य विपक्षी दल है। बीजेपी ने 2021 के चुनावों में कुल 77 सीटों पर जीत हासिल की थी। राज्य में बहुमत का आंकड़ा 148 सीटों का है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि मैं बंगाल के भाइयों और बहनों को भी बधाई देता हूं। अब आपके साथ मिलकर भाजपा पश्चिम बंगाल से भी जंगल राज को उखाड़ फेंकेगी। पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। बिहार की जीत से उत्साहित पीएम मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद हमें देश के कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ जीत मिली। जिस हरियाणा की धरती ने 'जय जवान–जय किसान' की भावना को आगे बढ़ाया। उस हरियाणा ने हमें लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर दिया। छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबा साहेब अंबेडकर और वीर सावरकर की पुण्य भूमि महाराष्ट्र में हमें प्रचंड जीत मिली। लगातार तीसरी बार महाराष्ट्र में हमें जीत मिली। पीएम मोदी ने कहा कि देश की राजधानी में 25 सालों बाद हम बहुमत से जीते और आज बिहार में इतनी बड़ी संख्या में जीतकर आए हैं।

### 2011 से सत्ता में है टीएमसी

लंबे समय तक वामदलों के गढ़ रहे पश्चिम बंगाल में साल 2011 में सत्ता परिवर्तन हुआ था। इस चुनाव में बीजेपी को 184 सीटें मिली थीं। ममता बनर्जी पहली बार राज्य की सीएम बनी थीं। इसके बाद ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने 2016 में फिर से जीत हासिल की थी। तब पार्टी को 211 सीटें मिली थी। ममता बनर्जी दूसरी बार राज्य की सीएम बनी थीं। 2021 में लगातार तीसरी बार तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की थी।

# करुणा एवं संवेदनाओं से ही दुनिया में संतुलन संभव

**आज का मनुष्य जितनी तीव्रता से भौतिक प्रगति कर रहा है, उतनी ही तेजी से मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है। विज्ञान ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, परंतु उसने मनुष्य को आत्मकेंद्रित भी कर दिया है। प्रतिस्पर्धा, उपभोगवाद, स्वार्थ और सत्ता की भूख ने मनुष्य के भीतर की दयालुता को जैसे कुंद कर दिया है। ऐसे समय में जब विश्व हिंसा, आतंक, युद्ध, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और वैमनस्य के दौर से गुजर रहा है, तब विश्व दयालुता दिवस मनाने का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सभ्यता के विकास की असली पहचान तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर की करुणा, सहानुभूति और प्रेम से होती है। दयालुता कोई कमजोरी नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है।**

(ललित गर्ग )

विश्व दयालुता दिवस मनाने की पहल सबसे पहले 1998 में 'वर्ल्ड काइंडनेस मूवमेंट' नामक अंतरराष्ट्रीय संगठन ने की थी, जिसका उद्देश्य था-मानवता में करुणा, सहानुभूति और प्रेम के बीजों को फिर से सींचना। इस दिन का मकसद यह स्मरण कराना है कि दया कोई एक दिन की बात नहीं, बल्कि जीवन का स्थायी संस्कार होना चाहिए।

आज का मनुष्य जितनी तीव्रता से भौतिक प्रगति कर रहा है, उतनी ही तेजी से मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं से दूर होता जा रहा है। विज्ञान ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, परंतु उसने मनुष्य को आत्मकेंद्रित भी कर दिया है। प्रतिस्पर्धा, उपभोगवाद, स्वार्थ और सत्ता की भूख ने मनुष्य के भीतर की दयालुता को जैसे कुंद कर दिया है। ऐसे समय में जब विश्व हिंसा, आतंक, युद्ध, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और वैमनस्य के दौर से गुजर रहा है, तब विश्व दयालुता दिवस मनाने का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सभ्यता के विकास की असली पहचान तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर की करुणा, सहानुभूति और प्रेम से होती है। दयालुता कोई कमजोरी नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। यह मनुष्य को पशुता से ऊपर उठाकर देवत्व की ओर ले जाती है। इतिहास साक्षी है कि जिन समाजों ने दया, करुणा और प्रेम को अपनाया, वहीं शांति और समृद्धि का आधार बने। बुद्ध, महावीर, यीशु और गांधी जैसे महापुरुषों ने दया को जीवन की सबसे बड़ी साधना माना। महात्मा गांधी ने कहा था, अहिंसा कोई निष्क्रिय वस्तु नहीं, यह सबसे सक्रिय और जीवंत शक्ति है। दयालुता उसी अहिंसा की आत्मा है, जो मनुष्य को दूसरों के सुख-दुःख से जोड़ती है।

आज जब दुनिया में युद्ध की विभीषिका मंडरा रही है, जब समाज हिंसा, कट्टरता और असहिष्णुता से आक्रांत है, तब दया और करुणा का महत्त्व केवल नैतिकता का विषय नहीं, बल्कि अस्तित्व का प्रश्न बन गया है। यूक्रेन-रूस युद्ध, गाजा और इस्राइल का संघर्ष, आतंकवाद की विभीषिका और भीतर तक उतर चुकी नफरत की राजनीति-ये सब इस बात के संकेत हैं कि हमने दयालुता को अपने जीवन से बाहर कर दिया है। मनुष्य ने



मशीनों की तरह व्यवहार करना शुरू कर दिया है। संवेदना की जगह संदेह ने ले ली है, और करुणा की जगह क्रूरता ने। ऐसे में विश्व दयालुता दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम अब भी मनुष्य बचे हैं या केवल उपभोग की दौड़ में शामिल यांत्रिक प्राणी बन गए हैं।

विश्व दयालुता दिवस मनाने की पहल सबसे पहले 1998 में वर्ल्ड काइंडनेस मूवमेंट नामक अंतरराष्ट्रीय संगठन ने की थी, जिसका उद्देश्य था-मानवता में करुणा, सहानुभूति और प्रेम के बीजों को फिर से सींचना। इस दिन का मकसद यह स्मरण कराना है कि दया कोई एक दिन की बात नहीं, बल्कि जीवन का स्थायी संस्कार होना चाहिए। दयालुता एक ऐसी भाषा है जो सभी सीमाओं, धर्मों, भाषाओं और विचारधाराओं से परे है। यह वह सूत्र है जो मनुष्यता को जोड़ता है, जो टूटे हुए रिश्तों में प्राण फूंकता है। आज की दुनिया में भौतिक विकास ने व्यक्ति को आराम तो दिया है, लेकिन आत्मिक शांति छीन ली है। हर कोई सफलता की होड़ में है, पर किसी के पास किसी के लिए समय नहीं है। परिवारों में संवाद घट गया है, समाज में सहयोग की भावना कम हुई है, और राजनीति में विरोध ने वैमनस्य का रूप ले लिया है। इंटरनेट और सोशल मीडिया के इस युग में हम जुड़ते तो बहुत हैं, पर वास्तव में अलग-थलग पड़ गए हैं। दया और करुणा की कमी के कारण मानसिक तनाव, अवसाद, आत्महत्या और असंतोष जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। इस स्थिति से उबरने का एकमात्र उपाय है-दयालुता की भावना को जीवन का आधार बनाना।

दयालुता केवल दूसरों के प्रति व्यवहार नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि का माध्यम है। जब हम किसी की सहायता करते हैं, किसी के दुःख को समझते हैं, किसी की भूल को माफ करते हैं, तब हम अपने भीतर की नकारात्मकता को भी दूर करते हैं। दयालु व्यक्ति न केवल समाज को सुंदर बनाता है, बल्कि स्वयं के भीतर भी शांति का अनुभव करता है। करुणा से मनुष्य का हृदय विस्तृत होता है, दृष्टि उदार होती है, और जीवन में संतुलन आता है। आज की जटिल दुनिया में संतुलन खोना बहुत आसान है। मनुष्य अपनी इच्छाओं, आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं में उलझकर आत्मविनाश की ओर बढ़ रहा है। पर्यावरण का संकट, सामाजिक विषमता, नैतिक पतन-ये सब उसी असंतुलन के परिणाम हैं, जहाँ दयालुता और करुणा का स्थान स्वार्थ और लोभ ने ले लिया है। यदि मनुष्य में करुणा का भाव जाग जाए, तो न युद्ध रहेगा, न आतंकवाद, न हिंसा। दुनिया में जितनी भी क्रूरताएं हुई हैं, वे दया के अभाव से हुई हैं। अतः दया केवल नैतिक मूल्य नहीं, बल्कि विश्व शांति का आधार है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था-जब तक एक भी जीव भूखा या दुखी है, तब तक तुम्हारी उपासना अधूरी है। यह वाक्य हमें याद दिलाता है कि सच्चा धर्म केवल पूजा या प्रार्थना नहीं, बल्कि दूसरों के प्रति करुणा का भाव है। यदि दयालुता जीवन का हिस्सा बन जाए, तो धर्म अपने वास्तविक रूप में प्रकट होता है। चाहे वह जैन धर्म का अहिंसा परमो धर्मः का संदेश हो या बौद्ध धर्म की मैत्री भावना, सभी ने दया को ही मानवता की सर्वोच्च साधना माना है। वास्तव में दया का अर्थ केवल किसी पर कृपा करना नहीं है, बल्कि दूसरों के दुख को अपना समझना है। दया एक ऐसी ऊर्जा है जो न केवल संबंधों को मजबूत बनाती है, बल्कि समाज में सह-अस्तित्व की भावना को भी जन्म देती है। आज जब मनुष्य अपने अस्तित्व को लेकर संघर्ष कर रहा है, तो दया ही वह सूत्र है जो जीवन में संतुलन और अर्थ दोनों ला सकती है। हम देख रहे हैं कि दुनिया में तकनीकी शक्ति बढ़ रही है, परंतु नैतिक और भावनात्मक शक्ति घट रही है।

## अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने गौरव दिवस कार्यक्रम को किया संबोधित

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया



**नारायणपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की पहल की है, जिससे हर वर्ष उनकी जयंती मनाई जाती है। वर्ष 2021 से भारत सरकार ने इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया, ताकि आदिवासी समाज के इतिहास, संस्कृति और वीरता को सम्मान दिया जा सके। जिले में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम माहका के इंडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा भारत के महान आदिवासी नायक थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान (विद्रोह) का नेतृत्व किया। वे मुंडा समुदाय से आते थे और उन्हें 'धरती आबा' यानी धरती पिता कहा जाता है। विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज के हक, संस्कृति और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया। न्याय के हित में सर्वस्व बलिदान करने की भावनाएं जनजातीय समाज की विशेषता रही है। स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में जनजातीय समुदायों द्वारा किए गए विद्रोहों की अनेक धाराएं भी शामिल हैं। आदिवासी प्रकृति पर आधारित जीवन यापन करते हैं और सम्मानपूर्वक प्रकृति की रक्षा भी करते हैं। ब्रिटिश शासन के दौरान प्राकृतिक संपदा को शोषण से बचाने के लिए जनजातीय समुदाय के लोगों ने भीषण संघर्ष किए थे। वन संपदा का संरक्षण काफी हद तक उनके बलिदान से ही संभव हो सका। उन्होंने आदिवासियों को नशा से दूर रहने के लिए अपील करते हुए कहा कि चिंतन और मनन करने के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को अपनाने की बात कही। गांव में लगभग 80 प्रतिशत से अधिक आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते हैं आपसी जन भागीदारी के साथ समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करें। गांव में गायता, पुजारी, पटेल आदि निवास करते हैं, उन्हें अपने अधिकार को उपयोग करने का अपील किया, जिससे समाज को आगे बढ़ाने में अमूल्य योगदान मिलेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ के आदिवासी शूरवीरों को याद करते हुए नमन किया। मुख्य अतिथि विधायक विक्रम उसेंडी ने विभिन्न विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जनजातीय क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे है।

पीएम जनमन एवं धरती आबा तथा आदि कर्मयोगी योजना से विशेष पिछड़ी जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए पीएम जनमन अंतर्गत जिले में किये जा रहे कार्यों और जिले चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय एवं निवासरत ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। कौशल विकास के क्षेत्र में पीएम जनमन अंतर्गत कार्य प्रारंभ किये जा रहे हैं। कलेक्टर ममगाई ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते उनके किए गए कार्यों को याद किया। जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं और ग्रामीणों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज के अध्यक्ष रूपसाय सलाम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम में कक्षा दसवीं एवं बारहवी में मेरिट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को आवास की चाबी, आयुष्मान कार्ड तथा कृषि विभाग के हितग्राहियों को बीज मिनीकीट प्रदाय किया।

# साहित्य, कला से ही समाज व राष्ट्र की पहचान : सांसद



**डोंगरगांव नगर।** नगर में साहित्य और कला से ही समाज व राष्ट्र की पहचान होती है। साहित्यकार समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक होते हैं। उक्त उद्गार छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति राजनांदगाँव के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण, दीपावली मिलन, कवि सम्मेलन व परिचर्चा आयोजन में मुख्य अतिथि की आसंदी से राजनांदगाँव संसदीय क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने व्यक्त किया। सांसद पांडेय ने शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगाँव के भवन के चारों ओर अहाता निर्माण हेतु 2 लाख रूपये अनुदान की घोषणा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति राजनांदगाँव के 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए राजनांदगाँव में समिति के रजत जयंती समारोह को गरिमामय ढंग से संपन्न करने हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट नपंअध्यक्ष अतिथि अंजू त्रिपाठी नगर में होने वाले साहित्यिक आयोजन में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जिला पंचायत राजनांदगाँव की सदस्य व सभापति जागृति चुन्नी यदु ने शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगाँव के भवन के अधीन भू खंड में नल कूप खनन कराने की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन-वंदन तथा राजगीत से हुआ। छत्तीसगढ़ी लोक रंग कर्म व साहित्य विषय पर परिचर्चा में डॉ संतराम देशमुख, विमल, कुबेर साहू, महेन्द्र बघेल, ओम प्रकाश साहू अंकुर, विजय मिश्रा अमित, आत्मा राम कोशा अमात्य व मान सिंह मौलिक ने अपने विचार रखे। अध्यक्षीय उदबोधन कान्हा कौशिक प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति रायपुर ने दिया। स्वागत संबोधन करते हुए अखिलेश्वर मिश्रा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति राजनांदगाँव ने यह माँग रखी कि छत्तीसगढ़ी भाषा को संविधान की 8 वीं अनुसूची में सम्मिलित किया जाए ताकि छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त हो सके । इस आशय का ज्ञापन सांसद को सौंपा गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन कविद्वय डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप' व वीरेंद्र तिवारी वीरू ने किया। इस मौके पर शशिकांत द्विवेदी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डिकेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, कृष्ण कुमार शर्मा, डॉ शंकरमुनि राय, शैलेष गुप्ता, राकेश ठाकुर, डॉ प्रियांक ठाकुर, विवेक वासनिक, अमित खंडेलवाल, शारदा तिवारी, डॉ माधवी गणवीर, डॉ इकबाल खान, जितेंद्र पटेल, राकेश तिवारी रायपुर, सुषमा शुक्ला, लखन साहू लहर सहित रायपुर, बालोद, मोहला, खैरागढ़ व दुर्ग जिले के साहित्यकार व लोक कलाकार उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ द्वारा घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोमगुडा में किया गया मेडिकल कैम्प का आयोजन



**सुकमा।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 226 वी वाहिनी के द्वारा पुलिस महानिरीक्षक (परिचालन) छत्तीसगढ़ सेक्टर के.रि.पु. बल रायपुर एवं एच.पी. सिंह, कमाण्डेंट 226 बटालियन के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अभियानों के तहत जिला सुकमा के घोर नक्सल प्रभावित गाँव गोमगुडा में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोमगुडा गाँवो से लगभग 231 पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर एच.पी. सिंह, कमाण्डेन्ट- 226 बटालियन, साथ अभिषेक कुमार, सहायक कमाण्डेंट (समवाय अधिकारी सी/226) वाहिनी नें उपस्थित ग्रामीण वासियों को संबोधित करते हुए बताया कि नक्सली अपने फायदे के लिए गरीब जनता एवं उनके बच्चों को गुमराह कर नक्सली गतिविधियों में जाने के लिए भ्रमित करते हैं, इसके अलावा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए आह्वान किया कि वे नक्सलियों के बहकावे में आकर कोई गलत कार्य ना करें और आप सभी देश के अग्रणी विकास में भागीदार बनें तथा अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवायें एवं भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों एवं योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएँ। उन्होने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए विश्वास दिलाया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सदैव आप के साथ खड़ा है, तथा हम आपकी मदद व हर संभव प्रयास करेगें आप लोग भी हमारा सहयोग करें। आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग को आगे बढ़ाते हुए सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को इस वाहिनी द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैम्प लगाकर इस वाहिनी के डॉ. एस.ई.एल.कृष्णा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, एवं पैरामेडिकल स्टॉप ई. नरसिम्हा (नर्स) तथा फर्स्टएडर सिपाही/जीडी. ओझा, तथा सरपंच गोमगुडा, के साथ भारी संख्या में ग्रामीण जन एवं बी व सी/226 समवाय के अन्य कार्मिक भी उपस्थित रहे।

# 137 केंद्रों में 1,393 किसान बेचेंगे 65,000 क्विंटल धान, 3 समिति प्रबंधक बर्खास्त



**बालोद।** मंगलवार को जिले के 137 खरीदी केंद्रों में 1 हजार 393 किसान 65 हजार क्विंटल से अधिक धान बेचेंगे। जिले के 143 में से 137 केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। सोमवार को ही टोकन जारी कर दिए गए हैं। वही जिले में 121 धान खरीदी केंद्रों में एक हजार 139 किसानों का 52 हजार 100 क्विंटल धान बेचने का टोकन जारी हुआ था। वही 45 केंद्रों में 9 हजार 626 क्विंटल धान की खरीदी की गई हैं। हालांकि यह आंकड़ा शाम साढ़े 6 बजे तक का है। देर शाम बाद सिस्टम में अपडेट होने का सिलसिला जारी रहा। धान खरीदी के दूसरे दिन से ही केंद्रों के बाहर धान से भरी वाहनो की लंबी कतार नज़र आई। किसान सरकार को समर्थन मूल्य पर धान बेचने उत्सुक नज़र आए। ग्राम औराभाठा खरीदी केंद्र के बाहर सुबह करीबन 9 बजे पिकअप, ट्रैक्टर में किसान अपनी उपज लेकर पहुचे थे, वाहनो की लंबी कतार रही। गेट खुलने व विधिवत पूजा के बाद किसानों से धान खरीदना शुरू हुआ। वही केंद्रों में किसानों के लिए बैठने, पीने के लिए पानी सहित तमाम व्यवस्था सुनिश्चित दिखी। जिसे देख किसान गदगद नज़र आये। दरअसल जिला प्रशासन के धान खरीदी को अति आवश्यक सेवा रखते हुए एस्मा लागू कर दिया है, वही खरीदी केंद्रों में लगाए गए अभी अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी पर सख्त निगरानी भी रखी जा रही है। सभी विभागो के जिला स्तर के अधिकारी केंद्रों में जाकर खरीदी का जायजा लेकर निरीक्षण किया।

### किसानों को धान बेचने समस्या न आए, ये सरकार का दृढ़ संकल्प-यज्ञदत्त

जिला मुख्यालय बालोद से लगे ग्राम औराभाठा खरीदी केंद्र में सुबह से किसानों की भीड़ देखी गई। इस बीच राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त लघु वनोपज के प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा एवं पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने विधिवत पूजा अर्चना कर धान खरीदी की शुरुआत की। इलेक्ट्रॉनिक तराजू और धान नमी मापक यंत्र की पूजा कर किसानों का स्वागत किया। दोनों ने धान खरीदी केंद्र का खरीदी निरीक्षण किया। इस दौरान यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि सरकार लगातार किसानों के हित में चिंताए कर रही है, जितने भी प्राधिकृत अधिकारी बनाए गए, वे नीचे स्तर पर जो समस्या आ रही है, वे उसे सुलझा रहे है। शासन स्तर का है तो मुख्यमंत्री तक बात पहुचाने का प्रयास किया जा रहा हैं, किसानों को धान बेचने किसी भी प्रकार की समस्या न आए, ये सरकार का बहुत दृढ़ संकल्प हैं। वही राकेश यादव ने कहा कि सरकार ने दो वर्ष में बहुत अच्छी धान खरीदी की है। पूरे देश मे धान का अधिकतम दर देने का काम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया है। निर्धारित समय में सभी लक्ष्य पूरे किए जाएंगे। सारे किसानों का एक एक दाना धान खरीदा जाएगा। इसमें कोई संशय नही हैं।

### तुंहर टोकन मोबाइल एप्प के माध्यम से किसान घर बैठे ले रहे है टोकन

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों की धान बिक्री हेतु खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी 'तुहर टोकन मोबाइल एप्प' के माध्यम से किसान घर बैठे धान बिक्री हेतु टोकन ले रहे है। यह मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इसमें किसान आधार आधारित ओटीपी से पंजीकरण और प्रतिदिन सुबह 8 बजे से टोकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 विपणन वर्ष धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो चुकी है जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस एप से धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित होंगे। इस एप्प के माध्यम से सीमांत किसान (02 एकड़ या उससे कम भूमि) अधिकतम 01 टोकन, लघु किसान (02 से 10 एकड़) 02 टोकन और दीर्घ किसान (10 एकड़ से अधिक) अधिकतम 03 टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

### हड़ताल में डटे समिति कर्मियों को पूर्व सीएम व तीनों विधायकों का मिला साथ

सोमवार को समिति प्रबंधक और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के सम्भाग स्तरीय हड़ताल के बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिले के तीनों विधायक अनिला भेड़ियाँ, कुंवर सिंह निषाद तथा संगीता सिन्हा का साथ मिला और उन्होंने उनकी मांगों को जायज बताते हुए उनका समर्थन किया साथ ही सरकार को उनकी मांगों को पूरा कर धान खरीदी की व्यवस्था को सुधारने की चेतावनी दी। वही हड़ताल में डटे सभी समिति प्रबंधक और डाटा एंट्री आपरेटरों ने सामूहिक इस्तीफा भी दिया। इस बात की पुष्टि समिति प्रबंधक के जिलाध्यक्ष गजेंद्र देशमुख ने की। बता दे कि जिले में अब तक 3 समिति प्रबंधकों पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जा चूकिए है। चंदनबिरही के गजेंद्र देशमुख निपानी के दीनदयाल साहू और पीपरछेड़ी के यशवंत साहू को बर्खास्त के सेवा समाप्ति के आदेश निकाला गया है। बता दे कि गजेंद्र देशमुख जिला सेवा सहकारी समिति संघ बालोद के अध्यक्ष और दीनदयाल साहू उपाध्यक्ष है, बर्खास्तगी की कार्यवाही और अब सामूहिक इस्तीफे के बाद भी समिति प्रबंधक तथा ऑपरेटर हड़ताल पर डटे हुए हैं।

> 'राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है, धान खरीदी सुचारू रूप से संपादित हो, इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए है, एस्मा भी लगाया है, की जिनकी ड्यूटी है वे ड्यूटी करे। धान खरीदी अति आवश्यक सेवा हैं। सरकार ने पूरी पुख्ता व्यवस्था धान खरीदी की, की है।'
>
> **-अरुण साव,** उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# नारायणपुर जिले में धान खरीदी शुरू



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की घोषणा के अनुसार जिले समेत प्रदेशभर में धान खरीदी शुरू हो गई है, जिसके तहत् नारायणपुर जिले में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी की उपस्थिति में धान खरीदी का धान उपार्जन केन्द्र माहका में शुभारंभ किया गया। जिले में 09 समितियां और कुल 17 उपार्जन केंद्र बनाए गए है। धान खरीदी का कार्य सुबह 10 बजे से शुरू होगा। प्रशासन द्वारा नए डेटा एंट्री ऑपरेटरों की भी नियुक्ति की गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए जिले में लगभग 11 हजार 545 किसान पंजीकृत हैं तथा वर्ष 2025-26 में 04 लाख 12 हजार क्विंटल धान खरीदी करने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक विक्रम उसेंडी द्वारा धान उपार्जन केंद्र माहका पहुंचकर किसानों को फूलमाला व गमछा पहनाकर स्वागत किया गया, जिसके पश्चात छत्तीसगढ़ महतारी की विधिवत पूजा कर धान खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। विधायक उसेंडी ने धान खरीदी केंद्र में उपस्थित किसानों को सरकार की धान खरीदी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने धान के साथ-साथ अन्य फसलों का भी उत्पादन करने की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने दलहन तिलहन के फसलों का भी समर्थन मूल्य में खरीदी करने का योजना बनाया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज के अध्यक्ष रूपसाय सलाम ने भी किसानों को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष नारायण मरकाम, उपाध्यक्ष प्रतापसिंह मंडावी, जनपद पंचायत ओरछा के उपाध्यक्ष मंगरुराम नूरेटी, भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि बृजमोहन देवांगन, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, सीईओ जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मंडावी सहित जिला खाद्य अधिकारी अलाउद्दीन खान, सहकारिता बैंक के नोडल अधिकारी प्रतिक अवस्थी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# धान खरीदी केंद्र की मांग पर 7 गांवों के किसानों का 6 घंटे चक्काजाम





**भानुप्रतापपुर।** धान खरीदी का सत्र शुरू होते ही क्षेत्र के किसानों का सब्र टूट गया। सोमवार को बांसाला और आस-पास के सात गाँवों बांसला, जुनवानी, चवेला, तुडगे, जाताबाड़ा, उत्तामगर और जेपरा के लगभग 1200 किसानों ने बांसाला में नया धान खरीदी केंद्र खोलने की अपनी वर्षों पुरानी मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। किसानों ने संबलपुर चौक पर सुबह 10 बजे से 4 घंटे तक मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे मानपुर को जोड़ने वाले प्रमुख राजमार्ग पर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गई और जनजीवन प्रभावित हुआ। प्रदर्शनकारी किसानों ने 'बांसला में धान खरीदी केंद्र खोलो' के नारों के साथ अपनी आवाज़ बुलंद की। उनका कहना है कि वे मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, कलेक्टर, एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को कई बार ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। किसानों को वर्तमान में अपना धान बेचने के लिए 10 से 15 किलोमीटर दूर-दराज के केंद्रों तक जाना पड़ता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त खर्च और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। किसानों ने दावा किया कि बांसाला गाँव में केंद्र खोलने के लिए बड़ा ग्राउंड, खाद गोदाम और सामुदायिक भवन जैसी पर्याप्त संरचना मौजूद है, जहाँ धान का सुरक्षित भंडारण और तौल आसानी से किया जा सकता है।

**महेन्द्रपुर के किसानों का भी मिला समर्थन** - प्रदर्शन को महेन्द्रपुर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भी समर्थन दिया। उल्लेखनीय है कि महेन्द्रपुर के किसानों ने भी दो दिन पहले कोटपारा में महेन्द्रपुर में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर चक्काजाम किया था।

**विधायक सावित्री मंडावी ने सरकार को घेरा** - प्रदर्शन की सूचना पर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख और तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा मौके पर पहुंचे, लेकिन किसानों के साथ उनकी प्रारंभिक चर्चा विफल रही। इसके बाद, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी किसानों के समर्थन में मौके पर पहुँचीं। विधायक मंडावी ने किसानों से चर्चा करते हुए भाजपा सरकार पर किसानों को प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया। भाजपा सरकार द्वारा किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। बोवाई सीजन में खाद के लिए किसान परेशान होते हैं, अब मिजाई कुटाई हो गया है तो धान बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कृषि मंत्री रामविचार नेताम पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने केंद्र खोलने के संबंध में मंत्री से दो बार बात की है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।उन्होंने बांसाला और महेन्द्रपुर दोनों जगह अंतागढ़ क्षेत्र की तर्ज पर नए खरीदी केंद्र खोलने की मांग की।

# सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत पालनार में साइकिल का किया गया वितरण



**किरंदुल।** सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कन्या पोटाकेबिन पालनार में सोमवार 41 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस तरह के प्रोत्साहन से बालिका शिक्षा को ओर भी बढ़ावा मिलेगा साथ ही उनका मनोबल भी बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान कुआकोंडा जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, एसएमडीसी अध्यक्ष उदय सिन्हा, उप सरपंच, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक, संस्था के प्रचार एवं बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।

# बस्तर ओलंपिक सिर्फ खेल आयोजन नहीं, युवाओं के सपनों का उत्सव है : दीपिका शोरी



**सुकमा।** जिले में दो दिवसीय बस्तर ओलंपिक 2025 की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी शामिल हुई। उन्होंने विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए शोरी ने कहा कि बस्तर के युवाओं में असाधारण प्रतिभा है। खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि बस्तर के हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी को एक बेहतर मंच मिले, और बस्तर ओलंपिक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं में खेल भावना का विकास समाज को मजबूत बनाता है। स्वस्थ तन और स्वच्छ मन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। यहां के खिलाड़ी जिस मेहनत और समर्पण के साथ खेल रहे हैं, वह आने वाले समय में उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत कोंटा की अध्यक्ष कुसुमलता कवासी और नगर पालिका परिषद सुकमा की उपाध्यक्ष भुनेश्वरी यादव ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुकमा के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाएं बड़ी संख्या में मौजूद हैं, जिन्हें ऐसे आयोजनों से दिशा और अवसर मिलता है। समारोह के अंत में विभिन्न खेलों की विजयी टीमों और खिलाड़ियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। खिलाड़ियों और कोचों के उत्साह से खेल मैदान देर तक गूंजता रहा। इस अवसर परजनपद पंचायत कोंटा की अध्यक्ष कुसुमलता कवासी, नगर पालिका परिषद सुकमा की उपाध्यक्ष भुनेश्वरी यादव अन्य जनप्रतिनिधि सहित एसडीएम सूरज कश्यप, जनपद पंचायत सुकमा के सीईओ निधि प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी, खेल अधिकारी वीरूपाक्ष पौराणिक, विभिन्न खेलों के कोच, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी और नागरिक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में धान खरीदी ने पकड़ी रफ्तार धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा के सभी इंतजाम

**बिलासपुर।** जिले में धान खरीदी अब तेज रफ्तार पकड़ रही है। आज जिले के केंद्रों में धान खरीदी की गई, जहां पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित होती रही। घुटकू सेवा सहकारी समिति में विधिवत् पूजा-अर्चना के साथ खरीदी कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी और केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे।घुटकू सेवा सहकारी समिति में विधिवत् पूजा-अर्चना के साथ खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया। धान बेचने पहुंचे ग्राम घुटकू के किसान राम दयाल पराकर ने खरीदी व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए किए गए इंतज़ाम बेहतर हैं। इस वर्ष वे 17 क्विंटल धान बेचने पहुंचे हैं और उनके अनुसार टोकन कटने से लेकर धान तौलने तक की प्रक्रिया सरल और बिना किसी परेशानी के पूरी हुई। केंद्र में बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित होने से किसानों को वास्तविक लाभ मिल रहा है, जिससे उनकी आय में स्थिरता आई है और खेती को आर्थिक मजबूती मिली है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से मिलने वाली राशि से कृषि कार्यों सहायता मिल रही हैं।किसान राम दयाल पराकर ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए गए निर्णयों से किसानों को लाभ मिल रहा है। खेती पहले की तुलना में आसान और लाभदायक हो गई है। सरकार की किसान हितैषी योजनाओं से किसानों की अनेक समस्याओं का निराकरण हुआ है। इसी तरह लमेर, मानिकचौरी और अन्य उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। केंद्र में पहुंचने वाले किसानों ने व्यवस्था को लेकर संतोष जताया।

### सारागाँव देवरी स्टेशन को चौथी रेल लाइन से जोड़ने का कार्य हुआ पूरा



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं समयबद्ध रेल सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए अधोसंरचना विकास में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। क्षमता आवर्धन के कार्यों को तीव्र गति से क्रियान्वित किया जा रहा है, जिससे परिचालन की दक्षता बढ़ने के साथ-साथ यात्री सुविधाओं में भी उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। इसी क्रम में,बिलासपुरङ्झारसुगुड़ा चौथी रेल लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एक महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में प्रगति पर है। यह व्यस्त रेल मार्ग उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने वाली प्रमुख कड़ी है, जहाँ ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने हेतु नई लाइनों का निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।वर्तमान में 206 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है, जिसमें से लगभग 155 किलोमीटर से अधिक का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसी क्रम में सारागाँव देवरी रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने हेतु प्री-एनआई एवं एनआई का कार्य किया गया । इस महत्त्वपूर्ण कार्य के दौरान 02 टर्नआउट हटाकर 04 नए टर्नआउट स्थापित किए गए । लगभग 1100 मीटर नई रेलवे लाइन बिछाकर एक अतिरिक्त लूप लाइन का निर्माण किया गया, जिससे अतिरिक्त गाड़ियों का सुचारु परिचालन सुनिश्चित होगा । नई लाइन के साथ स्टेशन पर अत्याधुनिक सिग्नलिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (श्वद्ध) प्रणाली स्थापित की गई है, जिसमें डुअल वीडीयू, कवच-रेडी इंटरफेस तथा पॉइंट हज़ार्ड सर्किट जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा तत्व शामिल हैं ।इस कार्य में 300 से अधिक समर्पित कर्मी, 10 इंजीनियर, 10 स्टेशन मास्टर तथा 03 मुख्य यातायात निरीक्षक ठंड भरे मौसम में भी दिन-रात जुटे रहे । इन सभी आधुनिक प्रणालियों के समावेश के साथ स्टेशन को भविष्य के उच्च-सुरक्षा एवं उच्च-क्षमता युक्त रेल संचालन के लिए तैयार किया गया है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का यह प्रयास यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा एवं परिचालन की दक्षता को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल है। इन कार्यों के पूर्ण होने पर न केवल रेल संचालन की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी, बल्कि यात्रियों को भी समयबद्ध, सुरक्षित और बेहतर यात्रा का अनुभव प्राप्त होगा।

## साप्ताहिक जनदर्शन-कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

# जिले के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया। जनदर्शन में आज 65 से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आज ग्राम गतौरा निवासी सुनीता राठौर ने शौचालय निर्माण के लिए लंबित वित्तीय सहायता दिलाने की मांग की। उन्होंने बताया कि दो साल पहले 12 हजार स्वीकृति मिलने के बाद अपने निवास पर शौचालय निर्माण करवाया था। लेकिन आज तक उन्हें यह राशि प्राप्त नहीं हुई है। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को इसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। तारबहार निवासी शेख साबिर ने अपने पुत्र के किडनी रोग से ग्रसित अपने पुत्र के लिए दवाई खरीदने सहायता राशि का अनुरोध किया। कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी को उनका आवेदन प्रेषित करते हुए यथासंभव सहयोग के निर्देश दिए। बिरकोना निवासी गुमती बाई यादव ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर कहा कि मेरा राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। मेरे नाम न कोई संपत्ति है और न ही नौकरी। कलेक्टर ने खाद्य नियंत्रक को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मस्तुरी विकासखण्ड के ग्राम आकडीह निवासी सुरेश केंवट ने भी जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन दिया है। श्री केंवट प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही है। उनके पीएम आवास के उपर उच्च शक्ति के विद्युत लाईन है। बार-बार निवेदन के बाद भी बिजली विभाग द्वारा इसे शिफ्ट नहीं किया गया है। उन्हें योजना की दो किस्त मिल चुकी है। तीसरी किस्त ढलाई करने पर मिलेगा लेकिन विद्युत लाईन के कारण ढलाई कार्य नहीं हो पा रहा है। कलेक्टर ने बिजली विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए। बिलासपुर के वार्ड क्र 9 निवासी शत्रुहन बंजारे ने अपनी दिव्यांग पुत्री मंजुला के नाम से विकलांग पेंशन एवं राशन कार्ड दिलाने की मांग की है। उनका आवेदन समाज कल्याण एवं खाद्य विभाग को भेजते हुए कार्यवाही करने को कहा। तुर्काडीह निवासी रवि माथुर ने अपने पुत्र के तालाब में डूबने से हुई मौत का मुआवजा तीन साल बाद भी नहीं मिलने का जिक्र करते हुए त्वरित मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई। कलेक्टर ने एसडीओ मस्तुरी को तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।उस्लापुर के निवासी लोमश साहू ने हल्का पटवारी द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर नहीं करने की शिकायत की। कलेक्टर ने तखतपुर के एसडीएम को इसकी जांच कर उनका काम कराने के निर्देश दिए। बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम हरदीकला निवासी किसान तिरलोकी कौशिक ने अपने खेत में लगे बिजली कनेक्शन के तार को अत्यधिक पुराने एवं जीर्णशीर्ण होने के कारण बदलने की मांग की है। कलेक्टर ने सीएसईबी को इस पर कार्यवाही करने को कहा है।

## वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम की तत्परता से प्लेटफॉर्म पर भटक रहा पांच वर्षीय बच्चे को सुरक्षित परिवार से मिलाया गया



**बिलासपुर।** बिलासपुर रेलवे स्टेशन में दिनांक 17 नवंबर 2025 की शाम लगभग 7 बजे एक पांच वर्षीय बच्चा अपने परिवार से अचानक बिछड़ गया तथा वह प्लेटफॉर्म पर घबराहट की स्थिति में इधर-उधर भटक रहा था। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम के सतर्क कर्मचारी की नज़र बच्चे पर पड़ी। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तुरंत बच्चे को अपने संरक्षण में लिया, उसे शांत कराया तथा उसका नाम, परिजनों से संबंधित जानकारी एवं अन्य उपयोगी विवरण ज्ञात करने का प्रयास किया। बच्चे से प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के आधार पर स्पेशल टीम के कर्मी द्वारा तेजी से बच्चे के परिवार का पता लगाया गया । स्पेशल टीम कर्मी के द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई, संवेदनशील संवाद एवं समन्वयात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप कुछ ही समय में बच्चे को उसके परिजनों से सुरक्षित एवं सकुशल मिलाया गया। इस मानवीय कार्य से परिवार को बड़ी राहत मिली। बच्चे के परिजनों ने रेलवे प्रशासन एवं स्पेशल टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह ने कहा कि —स्पेशल टीम रेलवे स्टेशन पर सतत सजग रहते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी भूमिका को पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं अनुशासन के साथ निभा रही है।

## रेलवे परिसर में स्वच्छता को नई गति-12809 सीएसएमटी हावड़ा मेल में गार्बेज डिस्पोजल मैनेजमेंट पर कर्मचारियों का किया गया विशेष काउंसलिंग




**बिलासपुर।** मंडल रेल प्रशासन द्वारा रेल परिसर एवं चलती ट्रेनों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक विशेष स्वच्छता-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 17 नवम्बर 2025 को को सीसीई/बिलासपुर, स्टेशन सुपरीटेंडेंट (कमर्शियल), वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम तथा सीएचआई/बिलासपुर द्वारा 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल एक्सप्रेस में कार्यरत हक्का/स स्टाफ एवं पैंट्रीकार के सभी कर्मचारियों को गार्बेज डिस्पोज़ल मैनेजमेंट की प्रक्रियाओं, मानकों के संबंध में विस्तृत काउंसलिंग दी गई।इस दौरान सभी स्टाफ को कचरा संग्रहण, वर्गीकरण, सुरक्षित निस्तारीकरण, यात्रियों को स्वच्छता हेतु प्रेरित करने तथा चलती ट्रेन में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित दिशा-निर्देशों के पालन पर जोर देते हुए उन्हें नियमित, जिम्मेदार एवं सुरक्षित कचरा निपटान के लिए प्रेरित किया गया, जिससे ट्रेन व स्टेशन परिसर में स्वच्छता स्तर को और बेहतर बनाया जा सके।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन से ट्रेन के भीतर स्वच्छता स्तर में और सुधार होगा तथा यात्रियों को बेहतर स्वच्छ यात्रा अनुभव प्राप्त होगा। स्वच्छ रेलङ्कसुंदर रेल की अवधारणा को साकार करने हेतु ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर जेपी वर्मा महाविद्यालय में वर्चुवल कार्यक्रम संपन्न हुआ



**बिलासपुर।** नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जेपी वर्मा महाविद्यालय जरहाभाठा में भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रोटोकाल समयानुसार प्रातः 11.30 बजे से वर्चुअल प्रोग्राम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथिगण का पुष्पगुच्छ से संयुक्त संचालक द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी, एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष महापौर श्रीमती पूजा विधानी के आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें अतिथियों द्वारा नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सभी सामाजिक संगठनों को जिला प्रशासन एवं सरकार के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास करने चाहिए ताकि हमारे युवा इन सब वस्तुओं से दूर रहें साथ ही माता-पिता व परिवार के सदस्य बच्चों को पर्याप्त समय दें।इस अवसर पर विशेष रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर श्री रजनेश सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन प्रतिदिन नशेयुक्त परिवारों की प्रतिदिन प्रकरण आते हैं। नशे के कारण परिवार के साथ-साथ लोगों का सामाजिक जीवन भी अस्त-व्यस्त हो जाता है। मादक पदार्थों की खपत जहाँ से युवाओं को होती है उस तक पुलिस प्रशासन लगातार पहुंचने का प्रयास कर रहे है। हम सभी को चाहिए कि हम अपने बच्चों को अधिक से अधिक व्यस्त करते हुये पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में इनकी रूचि पैदा करें ताकि उनका ध्यान इन गतिविधियों से दूर रहे। इस अवसर पर प्रजापिता इश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन स्वाति दीदी ने उनके द्वारा लगातार 06 माह से नशामुक्त भारत अभियान के तहत् विभिन्न विकासखंडों में टोली रथ के माध्यम से प्रचार की जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ब्रम्हकुमारी स्वाति दीदी को लगातार नशामुक्त भारत अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु रजत जयती वर्ष 2025 के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र दिया गया। संयुक्त संचालक श्री टी.पी. भावे ने स्वागत भाषण में इस वर्चुवल प्रोग्राम के आयोजन पर प्रकाश डाला और बताया कि आज बिलासपुर में ऑनलाइन, ऑफ्लाइन शपथ, क्यू आर कोड एवं गतिविधियों को अपलोड करने हेतु लिंक लिंक के माध्यम से करने हेतु स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, आंगनबाडी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह, पंचायती राज संस्थाओं, सामाजिक संस्थाएँ एवं जनमानस को भागीदारी सुनिश्चित करने नशा मुक्ति अभियान के इस वर्चुवल कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रयास किये गये हैं।

## बिलासपुर को जल संरक्षण के क्षेत्र में मिला राष्ट्रीय जल पुरस्कार



- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के हाथों सीईओ ने ग्रहण किये पुरस्कार
- ईस्ट जोन केटेगेरी 03 में बिलासपुर जिला को प्रथम स्थान
- मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को दी बधाई

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जल संरक्षण के क्षेत्र में पिछले लगभग एक साल में हुए उल्लेखनीय कार्य के लिए जिले को राष्ट्रीय स्तर का छठवां राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार से नवाजा गया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल ने यह पुरस्कार प्रदान किया। जिला प्रशासन की ओर से जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। जिले की इस महती उपलब्धि पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए जिला प्रशासन को बधाई दी है। उन्होंने जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुधार के कामों को आगे भी जारी रखने को कहा है।कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला बिलासपुर को जल संचय जन भागीदारी जल शक्ति अभियान में जिला बिलासपुर को ईस्ट जोन केटेगरी 03 में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बिलासपुर जिला ने जल शक्ति अभियान के तहत् जिले में वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल निकायों का नवीनीकरण, बोरवेल का पुनः उपयोग जलग्रहण विकास और गहन वनरोपण जैसे कई गतिविधिया को शामिल किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 21058 कार्य जिसमें मुख्यतः नया तालाब निमार्ण कार्य, तालाब गहरीकरण कार्य, सामुदायिक, व्यक्तिगत डबरी निर्माण कार्य, सामुदायिक, व्यक्तिगत रिचार्ज पीट, पुराने कूप एवं जल स्त्रोतों का जीर्णोधार कार्यो का सफलता पूर्णक डाटा अद्यतन कर सत्यापित किया गया। जिससे देश में जिले ने 11वाँ स्थान प्राप्त कर 25.00 लाख की पुरूष्कार राशि हेतु अपना नाम दर्ज कराया।


# रेलवे ने थोक सीमेंट के माल ढुलाई शुल्क में कटौती की, निर्धन और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए किफायती आवास में सहायता मिलेगी...

- नई नीति के तहत निर्बाध डोर-टू-डोर लॉजिस्टिक्स समाधान के लिए अनुकूलित कंटेनर और नए बल्क सीमेंट टर्मिनल

**बिलासपुर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज कंटेनरों में थोक सीमेंट की दरों को विवेकपूर्ण बनाने और थोक सीमेंट टर्मिनलों के लिए नीति का अनावरण किया। यह नीति सीमेंट परिवहन के लिए रेलवे सुधारों का एक हिस्सा है। श्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में नीति का अनावरण करते हुए इस क्षण को एक क्रांतिकारी बदलाव बताया। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से मध्यम और निर्धन परिवारों के लिए अपने सपनों का घर बनाते समय सीमेंट की लागत कम हो जाएगी। नई नीति के अनुसार, दूरी और भार के स्लैब हटा दिए गए हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि नई दर को फ्लैट सकल टन किलोमीटर पर 0.90 रुपये प्रति टन प्रति किलोमीटर कर दिया गया है।श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि टैंक कंटेनर थोक सीमेंट परिवहन के लिए एक संपूर्ण प्रदूषण मुक्त लॉजिस्टिक्स समाधान साबित होंगे। उन्होंने कहा कि भारत अब विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मालवाहक है, जिसने अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। रेल नेटवर्क का विस्तार 4 किलोमीटर प्रतिदिन (2004-14 के दौरान) से बढ़कर 12-14 किलोमीटर प्रतिदिन हो गया है, जिससे यह तीन गुना से भी अधिक बढ़ गया है। ब्रॉड-गेज रेल नेटवर्क अब लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकृत है। श्री वैष्णव ने कहा कि वर्तमान में देश भर में 1,300 से अधिक अमृत स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं।नई




दर संरचना को सरल और युक्तिसंगत बनाया गया है, जिसमें वास्तविक टन भार पर आधारित शुल्क लागू किए गए हैं, जिसकी गणना ट्रेन के सकल टन किलोमीटर (जीटीकेएम) के रूप में की जाती है। व्यापार सुगमता बढ़ाने के लिए, पिछली दूरी और भार स्लैब को हटा दिया गया है। संशोधित प्रणाली के तहत, वास्तविक दूरी तय करने पर 0.90 रुपये प्रति टन प्रति किलोमीटर की एक समान दर से माल ढुलाई ली जाती है।यह नीति थोक सीमेंट के लिए कुशल मल्टी मॉडल, समग्र लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लिए टैंक कंटेनरों के उपयोग को बढ़ावा देती है। टैंक कंटेनर थोक सीमेंट परिवहन के लिए एक प्रभावी संपूर्ण लॉजिस्टिक्स समाधान है और मेक इन इंडिया का एक गौरवशाली उत्पाद है। इसे 20 फीट म 8 फीट म 8.5 फीट के मानक आयामों के साथ डिज़ाइन किया गया है, जो 26 टन की पेलोड क्षमता और 31 टन का सकल भार प्रदान करता है। प्रत्येक कंटेनर केवल 25-30 मिनट के लोडिंग और अनलोडिंग समय के साथ कुशल संचालन की अनुमति देता है। इसका डिज़ाइन इसे निर्बाध मल्टी मॉडल परिवहन— ट्रेन से ट्रेलर और वापस ट्रेन तक आसानी से पहुंचा जा सकता है—के लिए आदर्श बनाता है जिससे उत्पादन बिंदु से उपभोग बिंदु तक सुचारू वितरण संभव होता है।विनिर्माण संयंत्रों से उपभोग केंद्रों के निकट टर्मिनलों तक विशेष वैगनों का उपयोग करने के जरिए थोक सीमेंट का परिवहन लागत-प्रभावी और पर्यावरण-अनुकूल दोनों है।




# मासिक शिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित

मार्गशीर्ष मासिक शिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। यह पर्व हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस साल ये व्रत 18 नवंबर के दिन किया जाएगा। इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा की जाती है। मासिक शिवरात्रि के व्रत का हिंदू धर्म में विशेष स्थान है।

माना जाता है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की सच्चे मन और श्रद्धा के साथ पूजा करने पर सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में खुशियां बनी रहती हैं। मासिक शिवरात्रि के दिन पूजा और व्रत करने से महादेव और माता पार्वती दोनों की कृपा प्राप्त होती है। आइए जानें इस व्रत को करने की विधि, पूजा मुहूर्त और इस दिन बन रहे शुभ संयोगों के बारे में।

## मासिक शिवरात्रि तिथि


पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 18 नवंबर को सुबह 7:12 बजे से शुरू हो रही है। यह तिथि 19 नवंबर को सुबह 9:43 बजे समाप्त होगी। इस दिन भगवान की पूजा के लिए निशिता मुहूर्त यानी रात्रि का समय सर्वोत्तम माना जाता है, इसलिए मासिक शिवरात्रि 18 नवंबर को मनाई जाएगी। मासिक शिवरात्रि पर पूजा का शुभ मुहूर्त रात 11:42 बजे से शुरू होगा। यह शुभ मुहूर्त रात 12:36 बजे समाप्त होगा।

## मासिक शिवरात्रि पर शुभ संयोग

नवंबर की मासिक शिवरात्रि पर आयुष्मान योग और दूसरा सौभाग्य योग के दो शुभ योग बन रहे हैं। आयुष्मान योग प्रात:काल से लेकर सुबह 08:09 बजे तक रहेगा। इसके बाद से सौभाग्य योग बनेगा। आयुष्मान योग में पूजा पाठ करने से सेहत और आयु में वृद्धि होगी, वहीं सौभाग्य योग में शिव पूजा से आपके भाग्य में बढ़ोत्तरी होगी। इस दिन स्वाति नक्षत्र सुबह से लेकर पूर्ण रात्रि तक है।

## पूजा विधि.......

- मासिक शिवरात्रि के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें।
- अपने घर और मंदिर की सफाई करें।
- भगवान शिव और देवी पार्वती की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।
- शिवलिंग का जल और दूध से अभिषेक करें।
- भगवान शिव को बेलपत्र, भांग, धतूरा, अक्षत, पुष्प और चंदन अर्पित करें।
- शिव चालीसा का पाठ करें और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें।
- फिर भगवान शिव की आरती करें और अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करें।




# घर की दक्षिण पश्चिम दिशा में क्या नहीं होना चाहिए?

दक्षिण-पश्चिम दिशा में क्या-क्या नहीं होना चाहिए और क्या क्या होना चाहिए, वास्तु के अनुसार आपको यह जानना बहुत जरूरी है। आपको बता दें कि दक्षिण-पश्चिम दिशा, पृथ्वी तत्व से संबंधित है। इसलिए इस दिशा में पूजा घर, स्टडी रूम, अंडरग्राउंड वॉटर टैंक आदि नहीं बनवाना चाहिए। इसके अलावा इस दिशा में अतिथि का कमरा बनवाना भी क्या उचित है, आइए यहां जानें इस दिशा में इन चीजों के होने से क्या नुकसान होते हैं।





यहां हम आपको यह भी बताएंगे कि इस दिशा में क्या रखना चाहिए। आपको बता दें कि यह बाकी दिशाओं से भारी होती है। यह दिशा स्थिरता और एक दूसरे से जुड़ने का संकेत देती है। इस दिशा में कोई भी नेगेटिविटी नहीं आनी चाहिए।

इस दिशा में पूजा घर होने से धार्मिक एनर्जी और मानसिक शांति काफी हद तक कम हो जाती है। इस लिए इस दिशा में मंदिर ना बनवाएं। इस दिशा में स्टडी रूम बनाने से एकाग्रता में कमी आती है। बच्चे फोकस नहीं कर पाते हैं और बच्चे आलसी या भ्रमित हो सकते हैं। अगर आपने छोटे बच्चों का कमरा इस दिशा में बनवाया है, तो उनमें अनुशासनहीनता बढ़ती है। इस दिशा में अंडरग्राउंड वाटर टैंक भी नहीं बनवाना चाहिए। ऐसा करने से परिवार में कलह तथा आर्थिक अस्थिरता आती है। इसके अलावा इस दिशा में अतिथि कक्ष भी नहीं बनवाना चाहिए। इस दिशा में बनाने से घर के मुखिया का प्रभाव कम होता है। वह दूसरे व्यक्तियों से ज्यादा प्रभावित रहता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार दक्षिण-पश्चिम दिशा में मिट्टी की चीजें रखने के आपको बहुत लाभ मिलेगा।

# रसोई की 3 चीजों से बनाएं घरेलू माउथवॉश



मुंह की दुर्गंध, मसूड़ों की सूजन और बैक्टीरियल संक्रमण आजकल आम समस्या बन चुकी है। बाजार के माउथवॉश में अक्सर केमिकल और अल्कोहल होते हैं जो अस्थायी ताजगी तो देते हैं लेकिन लंबे समय में दांतों और मसूड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में लौंग (Cloves), चक्र फूल (Star Anise) और दालचीनी (Cinnamon) से बना यह घरेलू माउथवॉश एक प्रभावी और सुरक्षित विकल्प है। लौंग में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो मुंह के संक्रमण को दूर करते हैं, दालचीनी सांसों को ताजा रखती है और चक्र फूल में मौजूद एंटीसेप्टिक तत्व मुंह की सफाई में मदद करते हैं। यह मिश्रण मुंह में बैक्टीरिया के विकास को रोककर पूरे दिन फ्रेशनेस बनाए रखता है। जानें इसके बारे में विस्तार से-

## नेचुरल माउथवॉश बनाने की विधि

**सामग्री:**
4-5 लौंग, 2 चक्र फूल, 1 दालचीनी का टुकड़ा, 1 कप पानी

**विधि:**
एक पैन में पानी डालें और उसमें लौंग, दालचीनी और चक्र फूल डालें।
इसे 7-8 मिनट तक उबालें जब तक पानी का रंग हल्का भूरा ना हो जाए।
ठंडा होने के बाद पानी को छान लें और कांच की बोतल में भरकर रखें।
दिन में एक या दो बार इस पानी से कुल्ला करें।

**फायदे:**
मुंह की दुर्गंध दूर करता है और सांसों को लंबे समय तक ताजा रखता है।
एंटीबैक्टीरियल गुण मुंह में बैक्टीरिया को खत्म करते हैं।
मसूड़ों की सूजन कम करता है और ओरल हेल्थ को बेहतर बनाता है।
100% प्राकृतिक और केमिकल-फ्री जो दांतों के एनामेल को नुकसान नहीं पहुंचाता।
सस्ता और आसान घरेलू उपाय जिसे रोजाना इस्तेमाल किया जा सकता है।

**करें ट्राई:** लौंग, चक्र फूल और दालचीनी से बना यह घरेलू माउथवॉश एक नेचुरल ओरल केयर उपाय है। यह मुंह की दुर्गंध, बैक्टीरिया और मसूड़ों की सूजन से राहत देता है। रोजाना उपयोग से सांसों में ताजगी बनी रहती है और ओरल हेल्थ मजबूत होती है।

# साड़ी का परफेक्ट लुक ब्लाउज के डिजाइन पर भी निर्भर



साड़ी के साथ परफेक्ट ब्लाउज डिजाइन ही उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाता है। आजकल फ्रंट और बैक ब्लाउज डिजाइंस काफी अच्छी और सुंदर बनने लगी हैं, जो साड़ी का पूरा लुक बदल देती हैं। अगर आप साड़ी पर बैकलेस ब्लाउज कैरी करना पसंद करती हैं, तो हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस दिखाने जा रहे हैं। इन्हें आप किसी भी तरह की साड़ी के ब्लाउज में बनवा सकती हैं। ये आपको ट्रेंडी लुक देंगे।

**लेस ब्लाउज**
लेस स्टाइल वाला ब्लाउज डिजाइन बैकलेस लुक में अच्छा लगेगा। ऊपर की ओर डोरी और नीचे टाई लेस लुक परफेक्ट लग रहा है। इसे आप किसी भी साड़ी पर बनवा सकती हैं।

**बकल लुक**
बैकलेस लुक को स्टाइलिश दिखाना है तो बकल ट्राई करें। ब्लाउज के दोनों पार्टिशन को जोड़ने के लिए सर्कल बकल लगाया है। ये डिजाइन थोड़ा ट्रेंडी हो जाएगी।

**डीप नेक**
डीप नेक स्टाइल में डोरी बैकलेस ब्लाउज डिजाइन साड़ी पर जचेगा। हैवी साड़ी के लिए भी इस तरह का ब्लाउज डिजाइन अच्छा लगेगा।


**हॉल्टर नेक**
हॉल्टर नेक ब्लाउज लुक भी साड़ी पर कैरी कर सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज लुक के साथ आप पीछे ट्रेसेल्स लगवा सकती हैं। ये पीठ को कवर रखेगा और सुंदर दिखेगा।

**ब्लैक ज़िगज़ैग**
ब्लैक डोरी वाला जिग-जैग स्टाइल वाला ब्लाउज किसी भी फैंसी या हैवी साड़ी पर बनवा सकती हैं। इस तरह का ब्लाउज लुक बैक को परफेक्ट शेप में दिखाता है।

**स्ट्रैप डीप डिज़ाइन**
अगर बैकलेस पहनने में सहज नहीं होती हैं, तो ब्रा स्ट्रैप स्टाइल में ब्लाउज बनवाएं। ये डीप नेक लुक में होगा और पहनने में आरामदायक रहेगा। साड़ी पर सुंदर लुक भी मिलेगा।



# रात में लहसुन खाने के फायदे



दिन में खाली पेट तो कई लोग लहसुन खाते हैं,लेकिन क्या आप जानते हैं अगर रात को सोने से पहले भुना हुआ लहसुन खाया जाए, तो यह शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद साबित होता है? भुना हुआ लहसुन कच्चे लहसुन की तुलना में पचाने में आसान होता है। रात को सोने से पहल सिर्फ एक भुना हुआ लहसुन खाने से आपको अनगिनित फायदे मिल सकते हैं। चलिए जानते हैं इसके बेहतरीन फायदों की लिस्ट

## भुना हुआ लहसुन खाने के फायदे

**पाचन में सुधार:** रात में भुना हुआ लहसुन खाने से पाचन में मदद मिल सकती है। भुना हुआ लहसुन पाचन एंजाइमों को सक्रिय करके पाचन में सहायता करता है। यह आंतों में अच्छे बैक्टीरिया को भी बढ़ावा देता है।

**बेहतर नींद:** रात को भुना हुआ लहसुन खाने से बेहतर नींद आती है क्योंकि लहसुन में मौजूद ट्रिप्टोफैन एमिनो एसिड सेरोटोनिन के उत्पादन में मदद करता है जो नींद में सुधार करता है। ट्रिप्टोफैन एक अमीनो एसिड है जो मेलाटोनिन हार्मोन (सोने का हार्मोन) बनाता है, जिससे नींद के चक्र को नियंत्रित करने और आराम को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

**ह्रदय स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद:** भुना हुआ लहसुन कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसमें मौजूद एलिसिन नामक यौगिक रक्त वाहिकाओं को आराम देता है और रक्त संचार में सुधार करता है, जिससे ह्रदय पर तनाव कम होता है।

**इम्यूनिटी बढ़ाता है:** रात में भुना हुआ लहसुन खाना कई तरह से फायदेमंद है, क्योंकि इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं, जिससे संक्रमण से लड़ने में मदद मिलती है।

**शरीर को डिटॉक्स करता है:** रात को भुना हुआ लहसुन खाने से शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। लहसुन में मौजूद सल्फर यौगिक लिवर के एंजाइमों को सक्रिय करते हैं, जो रात में शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करते हैं।

**एंटी-एजिंग लाभ:** रात में भुना हुआ लहसुन खाने से इसके एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को फ्री रेडिकल क्षति से बचाते हैं, जिससे झुर्रियां और फाइन लाइन्स जैसी उम्र बढ़ने के लक्षण कम हो सकते हैं। यह त्वचा को चमकदार बनाने और मुंहासे कम करने में भी मदद कर सकता है।





# बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए करें ये योगासन

आजकल हर कोई खूबसूरत, चमकदार और लंबे बालों की चाहत रखता है, लेकिन बदलती लाइफस्टाइल, प्रदूषण, स्ट्रेस और खराब खानपान के चलते बालों की सेहत सबसे ज्यादा प्रभावित होती है। लोग हेयर फॉल को रोकने और हेयर ग्रोथ को बढ़ाने के लिए तरह-तरह के महंगे प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट्स का सहारा लेते हैं, लेकिन इनका असर या तो बहुत धीमा होता है या फिर कुछ समय बाद खत्म हो जाता है। वास्तविक समाधान तब मिलता है जब हम अपने शरीर और मन दोनों को संतुलन में लाते हैं और यही करता है योग। योग सिर्फ फिजिकल फिटनेस के लिए नहीं, बल्कि हेयर हेल्थ को भी नेचुरल तरीके से बेहतर बनाने का एक शक्तिशाली उपाय है। विशेष रूप से कुछ योगासन ऐसे हैं जो सिर में रक्त संचार को बढ़ाते हैं, तनाव को कम करते हैं और स्कैल्प की कोशिकाओं को एक्टिव करते हैं, जिससे बालों की जड़ों को पोषण मिलता है और बालों का झड़ना कम होकर ग्रोथ बढ़ती है।

**1. अधोमुख श्वानासन**
यह योगासन शरीर को उल्टा करके सिर की तरफ ब्लड फ्लो को बढ़ाता है, जिससे स्कैल्प को ऑक्सीजन और पोषण मिलता है। यह न केवल हेयर ग्रोथ के लिए अच्छा है, बल्कि शरीर को लचीलापन और ऊर्जा भी देता है।
**कैसे करें:** अपने हाथों और पैरों के सहारे "V" शेप बनाएं। हिप्स को ऊपर उठाएं और सिर को नीचे रखें। हाथ और पैर सीधा रखें और नजरें नाभि की तरफ हों। इस पोज को 30 सेकंड से 1 मिनट तक रखें।

**2. विपरीतकरणी**
अगर आपके पास समय कम है और आप कुछ सिंपल करना चाहते हैं तो यह पोज आपके लिए बेस्ट है। इससे तनाव कम होता है, नींद बेहतर होती है और स्कैल्प को ब्लड फ्लो मिलता है, जो बालों की जड़ों को सक्रिय करता है।
**कैसे करें:** पीठ के बल लेट जाएं और दोनों पैरों को दीवार पर टिकाकर ऊपर की ओर रखें। हाथों को शरीर के बगल में रखें और आंखें बंद कर रिलैक्स करें। इस मुद्रा में 5 से 10 मिनट तक रहें।



**3. उत्तानासन**
यह योगासन सिर की ओर रक्त प्रवाह को बढ़ाने में बेहद असरदार है। इसके नियमित अभ्यास से स्कैल्प को पोषण मिलता है और तनाव भी कम होता है, जो बालों की ग्रोथ को बाधित करता है।
**कैसे करें:** सीधे खड़े होकर धीरे-धीरे आगे झुकें और दोनों हाथों से पैरों को छूने की कोशिश करें। सिर को पूरी तरह नीचे की ओर ढीला छोड़ दें। घुटने मोड़ सकते हैं। इस स्थिति में 30 सेकंड से 1 मिनट तक रहें।

# शरीर में खून की कमी होने पर आंखों में दिखते हैं ये लक्षण

शरीर में खून की कमी, जिसे एनीमिया भी कहते हैं, एक आम स्वास्थ्य समस्या है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करती है। यह तब होता है जब शरीर में स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या कम हो जाती है। एनीमिया के शुरुआती लक्षण अक्सर बहुत सूक्ष्म होते हैं और उन्हें पहचानना मुश्किल हो सकता है, लेकिन हमारी आँखें इस स्थिति का पहला संकेत दे सकती हैं। शरीर के अन्य हिस्सों की तरह ही, आँखें भी शरीर के स्वास्थ्य का आईना होती हैं। आइए जानते हैं कि खून की कमी होने पर आँखों में कौन-कौन से लक्षण नजर आते हैं और इसका क्या समाधान है।

**1. आंखों की सफेद परत का पीला दिखना (स्क्लेरा):** अगर आपकी आँखों की सफेद परत, जिसे मेडिकल भाषा में स्क्लेरा कहते हैं, पीली या हल्की नीली दिखने लगे, तो यह खून की कमी का एक बड़ा संकेत हो सकता है। स्वस्थ व्यक्ति की स्क्लेरा सफेद होती है। जब शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी होती है, तो यह पीली दिखने लगती है, जिसे अक्सर पीलिया समझ लिया जाता है।

**2. आंखों के इर्द-गिर्द सूजन:** एनीमिया के कारण शरीर के ऊतकों और कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुँच पाती, जिससे आंखों के आसपास के क्षेत्र में सूजन आ सकती है। अगर आपकी आंखों के इर्द-गिर्द सूजन है या पलकें अक्सर फूली हुई रहती हैं, तो यह इस बात की तरफ इशारा करता है कि आपके शरीर में आयरन की कमी है।



**3. आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स:** लगातार थकान और आयरन की कमी की वजह से आंखों के नीचे काले घेरे (डार्क सर्कल्स) बन सकते हैं। जब शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिलती, तो कोशिकाएँ कमजोर होने लगती हैं और त्वचा पर इसका असर दिखने लगता है। डार्क सर्कल्स न केवल थकान का संकेत हैं, बल्कि यह खून की कमी का भी एक लक्षण हो सकते हैं।

# भूलकर भी खाने के बाद ना पिएं चाय

चाहे दिन की अच्छी शुरुआत करनी हो या शाम को घर लौटकर ऑफिस की थकान मिटानी हो, चाय दुनिया भर में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला पेय है। भारत में चाय के लिए लोगों की दीवानगी इतनी है कि कई बार लोग इसे भोजन के बाद तक पीने की आदत बना लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि खाना खाने के तुरंत बाद चाय पीना आपकी सेहत को कितना नुकसान पहुंचा सकता है? एक्सपर्ट्स का मानना है कि चाय और भोजन के बीच में कम से कम 30 से 45 मिनट तक का अंतर होना चाहिए।
आईए गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट से जानते हैं आखिर क्या है इसके पीछे की असल वजह।

## एसिडिटी और रिफ्लक्स की दिक्कत बढ़ा सकती है चाय

जिन लोगों को एसिड रिफ्लक्स, गैस्ट्राइटिस या GERD की समस्या है, उनके लिए खाना खाने के तुरंत बाद चाय पीना लक्षणों को और बढ़ा सकता है। पेट भरा होने पर गर्म चाय और कैफीन मिलकर पेट का दबाव बढ़ा देते हैं, जिससे एसिड ऊपर की तरफ आ जाता है। नतीजा, जलन, उल्टी या खट्टी डकारें आ सकती हैं।

## आयरन के अवशोषण में बाधा

चाय में टैनिन्स नाम के प्राकृतिक तत्व होते हैं, जो खाने में मौजूद आयरन से बंध जाते हैं, खासकर प्लांट बेस्ड आयरन (जैसे दाल, पालक, राजमा आदि)। ऐसा होने पर शरीर उस आयरन को ठीक से अवशोषित (absorb) नहीं कर पाता। अगर व्यक्ति रोज ऐसा करता है, तो धीरे-धीरे खासकर महिलाओं, बच्चों और शाकाहारी लोगों के शरीर में आयरन की कमी या एनीमिया हो सकता है। अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन के अनुसार, चाय खाने के साथ लेने से आयरन के अवशोषण में 60-70 प्रतिशत तक कमी आ सकती है।



## पाचन एंजाइम्स पर असर

ब्लैक और ग्रीन टी में मौजूद कैफीन और पॉलीफिनॉल्स शरीर के पाचन एंज़ाइम्स (जैसे एमाइलेज और प्रोटीएज) के काम को धीमा कर देते हैं। जिसका नतीजा यह होता है कि खाना सही से पच नहीं पाता, जिससे पेट में गैस, भारीपन या एसिडिटी जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। अगर आप थोड़ी देर बाद चाय पिएं, तो शरीर को प्राकृतिक रूप से पाचन की प्रक्रिया शुरू करने का समय मिल जाता है।

## पेट के एसिड को पतला कर देती है

हमारा पेट हाइड्रोक्लोरिक एसिड (HCl) और पाचक एंजाइम बनाता है ताकि खाना अच्छे से टूट सके। लेकिन अगर आप खाना खाते ही चाय पी लेते हैं, तो यह एसिड पतला हो जाता है, और पाचन सही से नहीं हो पाता। जिससे व्यक्ति को भारीपन, जलन, या एसिडिटी महसूस हो सकती है। खासतौर पर अगर आप मिल्क टी या स्ट्रॉन्ग टी भारी खाने के तुरंत बाद पीते हैं, तो ये समस्या और ज्यादा बढ़ सकती है।

## कैफीन पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा

चाय में मौजूद कैफीन पेट में एसिड को अस्थायी रूप से बढ़ा देती है और आंतों की गति तेज कर देती है। जिसकी वजह से खाना जल्दी पचने लगता है, लेकिन शरीर को विटामिन B, D, कैल्शियम, और जिंक जैसे पोषक तत्वों को अवशोषित करने का पूरा समय नहीं मिलता। इसलिए बेहतर है कि शरीर को थोड़ा वक्त दें, फिर चाय का आनंद लें।

## क्या है चाय पीने का सही समय

डॉक्टर कहते हैं कि कोशिश करें कि खाना खाने के 30-45 मिनट बाद ही चाय पिएं। इससे पाचन को समय मिलता है और पोषक तत्व अच्छी तरह अवशोषित हो पाते हैं। अगर आपको खाना खाने के बाद कुछ गर्म पीने की आदत है, तो हर्बल टी (जैसे अदरक, कैमोमाइल या पुदीने की चाय) एक अच्छा विकल्प है, ये कैफीन-फ्री होती हैं और पाचन में मदद करती हैं। ग्रीन या ब्लैक टी पीने का सबसे अच्छा समय है भोजन के बीच, जैसे मिड-मॉर्निंग या शाम का समय होता है।

### समाज के विकास व हित में करेंगे कार्यः लालेश्वर साहू

# तहसील साहू संघ पाटन के शपथ ग्रहण : जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू नें दिलाई गोपनीयता की शपथ

**अम्लेश्वर।** तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह साहू सदन (अटारी) पाटन में सम्पन्न हुआ।तहसील साहू संघ पाटन में नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू सहित पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण कायक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज की देवी भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना से हुई। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छ. ग. शासन, अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि. रामशीला साहू पूर्व मंत्री छ. ग. शासन, कल्पना नारद साहू सभापति जिलापंचायत दुर्ग रहे। इसके पश्चात नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ शपथ दिलाई-नवनिर्वाचित पदाधिकारियों मेला लालेश्वर साहू अध्यक्ष, डुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, विमला साहू उपाध्यक्ष (महिला), सुरेन्द्र कुमार साहू संगठन सचिव, भुनेश्वरी साहू संगठन सचिव (महिला), नें ली शपथ। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छ. ग. शासन ने उपस्थित सामाजिक जनों एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयाँ दी एवं समाज के उत्तरोत्तर विकास एवं समाज के उत्थान हेतु कार्य करने एवं समाज में सक्रियता पर बल दिया। नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग ने कहा कि समाज मे हार जीत होते रहता है, इस पर ध्यान न देकर समाजिक भाव सहयोग से सहभागिता देना चाहिए। समाज मे नए कार्य करने वाले युवा, युवती सबको सम्मान मिलना चाहिए, और उन्हें समाज मे कार्य करने का दायित्व मौका मिलना चाहिए चाहे वह चुनाव जीता हो या हारे हो यह मायने नहीं रखता, समाज के प्रति उनकी सेवा, समर्पण, व कार्य करने का जूनून होना चाहिए। मै सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पुनः बधाई व शुभकामनायें देता हू। तहसील साहू संघ पाटन के अध्यक्ष लालेश्वर साहू नें स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान करते हुए सभी को बधाई देते हुए कहा की हम सब एक परिवार है और इस सदन के माध्यम से पुरे तहसील को समाजिक नियमों के अनुसार स्वच्छ व निष्पक्षता पूर्वक संचलित करेंगे।आप सबके स्नेह आशीर्वाद से मै व मेरे पुरे टीम द्वारा सबको साथ मे विश्वास मे लेकर कार्य करेंगे, आप सभी नें हमें सेवा करने का मौका दिया आशीर्वाद दिया उसके लिए आप सभी को धन्यवाद, प्रणाम करता हूं। तहसील साहू संघ के संरक्षक अश्वनी साहू नें सभी कार्यक्रम मे आए अतिथियों सहित परिक्षेत्र व स्थानीय समाज से आये स्वजातीयजनों का आभार व्यक्त किया, मंच का संचालन तहसील साहू संघ पाटन के महासचिव महेंद्र साहू नें किया. कायक्रम का समापन सामूहिक रूप से राष्ट्गान क्र पश्चात किया गया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ पाटन के महासचिव महेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष नारद साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति मोनू साहू,सहित, बेल्हारी परिक्षेत्र के अध्यक्ष टेसराम साहू, डॉ सुरेश कुमार साहू, गीता साहू, दिलीप साहू, हेमलता साहू सह, गंगादीन साहू, विनोद साहू, अनिल कुमार, रविशंकर साहू, कल्याण साहू, रोहित साहू, डिजेन्द्र कुमार, मधुकांत साहू, योगेश साहू, कोमिन साहू, खेमलता साहू, कालिन्दी साहू, छन्नू लाल साहू, बिहारी लाल साहू, डॉ रामनाथ साहू, डॉ प्यारेलाल साहू,डॉ तामेश साहू, राजेन्द्र साहू, रमेश कुमार साहू, धनेश्वर साहू, गुमान साहू , मुकेश साहू , गैंद सिंग साहू, संजू साहू , छत्रपाल साहू, हितेन्द्र कुमार साहू, अनिल साहू, बीरेन्द्र साहू, शीतल साहू , युगल साहू, आनन्द चंदन, रूपेंद्र साहू, सोनू साहू, जय साहू, मनोहर साहू सहित परिक्षेत्र व स्थानीय पदाधिकारियों सहित वृहद रूप से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। जिससे शपथ कार्यक्रम शपथ समारोह का माहौल उत्साह, सौहार्द और सामाजिक एकता से भरा रहा।





# किरायेदारों के लिए सुनहरा मौका! मोर मकान-मोर आस योजना में आवास के लिए आवेदन शुरू

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के मोर मकान-मोर आस घटक के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में निवासरत किरायेदारों, स्लम एवं गैर स्लम परिवारों के लिए आवास प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवास आवंटित किए जाएंगे। निगम ने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन हेतु भूतल के आवास, जबकि सामान्य श्रेणी के आवेदकों को अन्य तलों के आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक हितग्राही कार्यालयीन दिवसों में प्रतिदिन शाम 05:00 बजे तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन नगर निगम दुर्ग के डाटा सेंटर, सेन्ट्रल लाइब्रेरी, योजना शाखा के प्रधानमंत्री आवास योजना काउंटर में किए जा रहे हैं। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज1.आधार कार्ड की छायाप्रति2.100 रुपए का नगद भुगतान3.पात्रता संबंधी संपूर्ण दस्तावेज (जैसे निवास प्रमाण, आय प्रमाण, किरायेदारी प्रमाण आदि)आवेदन पत्र को पूर्णतः भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ योजना शाखा में जमा किया जाएगा।उपलब्ध आवास-प्रधानमंत्री आवास - फॉर्चून हायट्स रिक्त आवास : अन्य-1 (अन्य रिक्त आवासों की विस्तृत सूची निगम में उपलब्ध है) पात्रता मानदंड- 1. अगस्त 2015 से पूर्व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में निवासरत होने का प्रमाण (आधार, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड आदि में से कोई भी) 2. भारत में कहीं भी स्वयं का पक्का मकान नहीं होना चाहिए।

# शासकीय प्रथामिक शाला सांकरा मे एफएलएन मेला का आयोजन, युवा सरपंच रवि सिंगौर ने किया अवलोकन



**अम्लेश्वर।** राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में आज 14 नवंबर को एफ एल एन मेला का आयोजन किया गया। नई शिक्षा नीति के निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एफ एल एन मेला का आयोजन किया गया है। इस मेले में भाषा, गणित, अंग्रेजी और बालवाड़ी के स्टाल लगेंगे। स्टाल का संचालन विद्यालय के बच्चे करेंगे और सभी बच्चे स्टाल पर जाकर गतिविधियां करेंगे। सभी प्राथमिक शिक्षकों को लगभग 50 तरह के स्टाल के बारे में आनलाइन प्रशिक्षण भी आयोजित किया जा चुका है। मेला समाप्ति के बाद कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर उपचारात्मक शिक्षण देकर उनका अधिगम स्तर बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। आपको बता दें प्रथामिक शाला सांकरा के कक्षा 1वी से 5 वी बच्चो के दुवारा अलग अलग चित्रकला, अंकगणित, वर्णज्ञान, अन्य कलाओ का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष तुलाराम सिंगौर, कामता सिंगौर, नेहरू तुरकाने, कांता सिंगौर सहित शिक्षकगण मौजूद है।

# सेवा सहकारी समिति सुरपा में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग हुए शामिल



**पाटन।** जामगांव आर - सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरपा में 17 नवम्बर को धान खरीदी का शुभारंभ किया गया, जो कि भाजपा नेत्री कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग के आतिथ्य में हुआ। विदित हो कि पूरे प्रदेश में 15 नवम्बर से धान खरीदी की शुरुआत हो गई है। उसी के तहत सेवा सहकारी समिति सुरपा में 17 नवंबर सोमवार को धान खरीदी शुरू की गई। भाजपा नेत्री कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने श्रीफल के साथ पूजा कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। पहले दिन 15 किसानों ने धान बेचा और लगभग 752.00 क्विंटल धान का खरीदी गया। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति सुरपा के अध्यक्ष नारद साहू, खेमलाल देशलहरे सभापति जनपद पंचायत पाटन, सेवा सहकारी समिति सुरपा के समिति प्रबंधक मुकेश कुमार अहीर, टी. एल, चंद्राकर शाखा प्रबंधक बेल्हारी,चन्द्रहास साहू, सरपंच सुरपा, कविता साहू सरपंच नवागांव, वरुण नेताम सरपंच टेमरी, छगनलाल साहू उपसरपंच नवागांव, रेवाराम साहू, लीलाधर साहू, लालकुमार साहू, रामअवतार सेन, दाऊराम साहू, प्रमोद जैन, कैलाश साहू, के साथ साथ बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# 25 साल बाद एक साथ मिले कालेज के सहपाठी, पुरानी यादें हुई ताजा

### पाटन कालेज के पूर्व छात्र छात्राओं ने कहा आज भी एक एक पल याद है



**पाटन।** कहते है पढ़ाई जीवन हमेशा यादगार और स्वर्णीय होती है। लेकिन जब कालेज की पढ़ाई समाप्त करने के बाद सभी छात्र छात्राएं अपने जिंदगी में व्यवस्त जो जाते है तो एक दूसरे को याद करना भी मुश्किल हो जाता है। कामकाज और परिवार में इतने उलझ जाते है कि अवसर ही नहीं मिल पाता पुराने दोस्तो से मिलने का यही कारण है कि जब मिलते है तो सभी भावुक हो जाते है। इसी ही दृश्य देखने को मिला सेलूद में। यहां पर एलुमनी कार्यक्रम में पाटन कालेज में 25 साल पहले पढ़ाई किए छात्र छात्राएं एक साथ मिले। साथ में मिलते ही सब अपने कालेज के जमाने की यादें ताजा करने लगे। कोई पढ़ाई की बात करते तो कोई खाने पीने की। यही नहीं कुछ पूर्व छात्र छात्राएं ऐसे भी मिले जो कालेज छोड़ने के बाद पहली बार आपस में मिले। एक दूसरे के परिवार और बच्चों से भी सभी ने मुलाकात किया। यादें को हमेशा चीर अविस्मरणीय बनाए रखने सभी ने अपने मोबाइल पर इस पल को हमेशा के लिए कैद कर लिया। भोजन के बाद चाय पार्टी के साथ एलुमनी का समापन जल्द ही फिर से दोबारा मिलने के वादों के साथ हुआ। पूरा कार्यक्रम का संचालन बलराम यादव ने किया। इस दौरान कमलेश वर्मा, पोखन साहू, बंटी साहू, राम सिंह ठाकुर, भारती वर्मा, दुर्गा वर्मा, तृप्ति, सीमा वर्मा, लता किरण, सीमा सहपारिवार मौजूद रहे।

# धान खरीदी के लिए उपार्जन केन्द्रों के ऑपरेटरों को दी गई ट्रेनिंग



**राजनांदगांव।** जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान खरीदी के लिए आवश्यक तैयारियां करते हुए धान खरीदी की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य विभाग एवं मार्कफेड के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के सभाकक्ष में धान खरीदी के लिए धान उपार्जन केन्द्रों के ऑपरेटरों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान सभी ऑपरेटरों को बताया गया कि धान खरीदी कार्य में पारदर्शिता के लिए आधार आधारित बायोमैट्रिक खरीद प्रणाली लागू रहेगी। किसान स्वयं या उनके द्वारा पंजीकृत नामिनी के माध्यम से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा धान विक्रय करेंगे। बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के विफल होने के संभावित स्थितियों के निकराकरण के लिए प्रत्येक खरीदी केन्द्र में कलेक्टर द्वारा ट्रस्टेड पर्सन रहेंगे। धान उपार्जन हेतु नये एवं पुराने बारदाने का उपयोग होगा। सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को धान खरीदी से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। धान खरीदी केन्द्रों में बायोमैट्रिक आधार सत्यापन एवं धान खरीदी की एण्ट्री की जाएगी। धान उपार्जन केन्द्रों में धान के बेहतर रख-रखाव, स्टेकिंग, उपार्जन केन्द्रों की संधारण व्यवस्था को सुगम बनाने के संबंध में बताया गया। इस अवसर पर बीआरसी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित एवं अन्य ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# मेयर एवं कमिश्नर का वार्ड 60 में सुबह-सुबह निरीक्षण, सफाई में लापरवाही पर कड़ी चेतावनी

### नेपाली बस्ती में नागरिकों से सीधा संवाद, समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश





**दुर्ग।** मेयर अलका बाघमार एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने सोमवार की सुबह वार्ड क्रमांक 60 का निरीक्षण करते हुए सफाई एवं नाली व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, निखिल खिचड़िया, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता पंकज साहू, बाजार अधिकारी अभ्युदय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, ईश्वर वर्मा, करण करोसिया, प्रकाश अहीर, गौतम साहू एवं अतिक्रमण टीम मौजूद रही। मेयर ने वार्ड क्षेत्र में नालियों में जमी गंदगी और कचरा देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही सफाई गैंग बुलवाकर तुरंत सफाई शुरू करवाने निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा नालियों और सड़कों की नियमित सफाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मेयर एवं कमिश्नर नेपाली बस्ती, साई नगर और पुष्पक नगर पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर नाली जाम, मरम्मत और जल निकासी से जुड़ी समस्याएं सुनीं। मेयर अलका बाघमार ने कहा– नागरिकों की सुविधा निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिकायतों का निवारण तुरंत किया जाए। अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के हल के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में मेयर एवं कमिश्नर ने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने और जनसुविधाएं बढ़ाने पर निगम लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण की स्थिति देखने पर मेयर व कमिश्नर ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। नेपाली पारा क्षेत्र में पुलिया के पास किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कातुलबोर्ड रोड किनारे पड़े बिल्डिंग मलबे को हटाने का निर्देश।जुनवानी रोड, पुष्पक नगर दुकान के सामने नाली के पास लगे लोहे के साइन बोर्ड फ्रेम को कटर से काटकर जब्त करने आदेश।

# राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित






**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज भिलाई द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम जगन्नाथ मंदिर सभागार सेक्टर 6 में आयोजित किया गया, कार्य क्रम में मुख्य अतिथि शशि कांत तिवारी राष्ट्रीय महासचिव, सुरेंद्र शर्मा संभागीय अध्यक्ष, राकेश शुक्ला प्रदेश सचिव, राष्ट्रीय कार्य करणी सदस्य ईश्वर चंद्र त्रिपाठी,संभागीय सचिव अजय शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मृदुला शुक्ला, नगर अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी उपस्थित थे जिनके सानिध्य में दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मां लक्ष्मी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके शुभारम्भ किया गया, कार्य क्रम को संबोधित करते हुए लक्ष्मी कांत तिवारी ने समाज की गति विधि पर जानकारी प्रदान की,और समाज की आगामी होने वाले कार्य क्रम पर विस्तृत रूप से बताया, संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि समाज को और अधिक हम लोग मजबूती प्रदान करने के लिए प्रवास, संपर्क और बैठक लगातार जारी रखे, और महिला प्रकोष्ठ और युवा प्रकोष्ठ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रकोष्ठ पर ज्यादा ध्यान दे और इसे फोकस करते हुए सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाए, वार्ड और बूथ स्तर तक जा कर इसकी बैठक हो, तब जाकर हमारा संगठन मजबूत होगा, सरयु पारीण, कान्यकुब्ज, सनाढ्य, गौड़, साहित सभी ब्राह्मण बन्धुओं से अपील की चाहे वह जिस क्षेत्र, भाषा भाषी के हो राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज से जुड़कर इसे मजबूत और सशक्त संगठन बनाए, राष्ट्रीय महासचिव शशि कांत तिवारी ने कहा कि आज ब्राह्मण समाज शिक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को ज्यादा ध्यान दिलावे क्योंकि शिक्षा प्राप्त करना और अन्य समाज को इससे ज्यादा से ज्यादा हम दे क्योंकि सदैव ब्राह्मण की सोच सर्वे भवन्तु सुखिन ,सर्व संतु निरामय,की रही है इसलिए शिक्षा के लिए हम अपनी आने वाली पीढ़ी को ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे, पूजा पाठ के लिए लिए ज्यादा प्रेरित करे , एक अच्छे अभिभावक बने, बैठक को राकेश शुक्ला प्रदेश सचिव ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज लगातार हर गति विधि जैसे परशुराम जयंती के साथ सामाजिक सदभाव वाले कार्य क्रम करता आ रहा है आगे भी योजना तैयार कर के कार्य क्रम किया जाएगा, शादी योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन प्रांतीय और जिले स्तर पर किए जाएंगे, इस अवसर पर संभागीय सचिव अजय शर्मा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मृदुला शुक्ला, स्वीटी कौशिक संभागीय महासचिव ,ज्योति शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए, कार्य क्रम में रत्नेश तिवारी, रमेश तिवारी, संध्या मंडलोई, सीमा तिवारी, मिथलेश शर्मा, रमेश शर्मा, सत्येंद्र बहादुर तिवारी, अरविंद तिवारी, पंकज शर्मा, प्रदीप भट्टाचार्य, अरुण पंडा , सी एम महापात्र, रमेश तिवारी, मनोज तिवारी, अनुपमा शुक्ला, प्रमिला दुबे पूर्व पार्षद, एन पी मिश्रा, अवधेश पांडे, गीता मिश्र, कमलेश मंडलोई, रवि शंकर मिश्र, चंद्रशेखर द्विवेदी , पंकज शर्मा, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, ब्रज मोहन तिवारी, सुनीता शर्मा, रविन्द्र, जितेंद्र शुक्ला अनुपमा , उर्मिला उपाध्याय, राजीव तिवारी, जितेंद्र मिश्र, रत्नेश तिवारी, पूनम मिश्रा, विनीता तिवारी, सहित समस्त विप्र बंधुओं की उपस्थिति रही, आभार प्रदर्शन लक्ष्मी कांत तिवारी अध्यक्ष ने किया उक्त जानकारी प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला ने दी

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com